CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

491'27
7 9P

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

PRAKRIT PRAVESHIKA

(प्राकृत–प्रवेशिका)

By

KOMAL CHANDRA JAIN,

M. A., Prākṛtācārya, Jaina-Darśanācārya

Lecturer in Pali, Banaras Hindu University

With Foreword by

SIDDHEŚVARA BHAṬṬĀCHĀRYA

M.A. (Hons.), Ph. D. (London), D. Litt. (Lille), Bar-at-Law (Gray's Inn), Kāvya-Tīrtha, Nyāya-Vaiśeṣika-Ācārya (Gold Medallist).

May rbhanj Professor of Sanskrit & Head of the Department of Sanskrit and Pali, Banaras Hindu University

राज्य संग्रहालय पुस्तकालय, लखनऊ.
क्रमसंख्या 3548
प्राप्ति तिथि 30-1-68
State Museum, Library, Lko.
3548
30-1-68

PRACHYA BHARATI PRAKASHAN

VARANASI

1964.

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

491.27
J P

First Edition, 1964

Rs. 6/-

RAISED PRICE
Bound

Published by Prachya Bharati Prakashan, Kamachha, Varanasi
Printed at the Tara Printing Works, Varanasi

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

आदरणीय नन्दकिशोर जी

को

सादर

समर्पित

जिनकी कृपा के लिए

आजन्म ऋणी बना रहूंगा

—कोमलचन्द्र जैन

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

विषय-सूची

प्राक्कथन (Foreword) ... ... ix—x
भूमिका ... ... xi—xv

व्याकरण

पहला अध्याय
स्वर-परिवर्तन ... ... १—८

दूसरा अध्याय
सरलव्यञ्जन-परिवर्तन ... ... ९—२०

तीसरा अध्याय
संयुक्तव्यञ्जन-परिवर्तन ... ... २१—२९

चौथा अध्याय
सन्धि-प्रकरण ... ... ३०—३५

पाँचवाँ अध्याय
अव्यय ... ... ३६—३७

छठवाँ अध्याय
शब्दरूप ३८ ५०

सातवाँ अध्याय
धातुरूप ... ... ५१—५७

आठवाँ अध्याय
कारक ५८

नवाँ अध्याय
समास ... ... ५९—६०

दशवाँ अध्याय
कृत्प्रत्यय ... ... ६१—६४

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ग्यारहवाँ अध्याय
तद्धितप्रत्यय ... ... ६५—६७

बारहवाँ अध्याय
स्त्रीप्रत्यय ... ... ६८—६९

तेरहवाँ अध्याय
लिङ्गानुशासन ... ... ७०—७१

संकलन

महाराष्ट्री प्राकृत

१. गाथावली ७३
२. वानरप्रोत्साहनम् ७५
३. सुभाषितानि ७७
४. सज्जनदुर्जनचर्चा ७९
५. दोलालीला ८१
६. रजकस्य औद्धत्यम् ८३

शौरसेनी प्राकृत

प्रमुख विशेषताएँ ... ... ८४ – ८५
७. चक्रवत्परिवर्तन्ते ८७
८. अभिशापमर्षणम् ८९
९. अभिसारः ९१
१०. समराङ्गणम् ९३
११. परिहासविजल्पितम् ९५
१२. कपटप्रतिस्पर्द्धा ९७

मागधी प्राकृत

प्रमुख विशेषताएँ ... ... ९८—९९
१३. प्रत्यभिज्ञानकम् १०१
१४. घट्टकुट्यां प्रभातम् १०३
१५. दुर्वृत्तवृत्तम् १०५

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

१६.	कापटिकप्रलापः	...	...	१०७
१७.	शोणित-पिपासा	...	...	१०९
१८.	योग्यं योग्येन	...	...	१११

अर्धमागधी प्राकृत

	प्रमुख विशेषताएँ	...	...	११२—११३
१९.	श्रेणिकराजस्य प्राणत्यागः	...	...	११५
२०.	कूणिकचेटकयोर्युद्धोद्योगः	...	...	११७
२१.	कामध्वजा गणिका	...	...	११९
२२.	कर्म-विपाकः	...	...	१२१

जैनशौरसेनी प्राकृत

	प्रमुख विशेषताएँ	...	...	१२२—१२३
२३.	द्वादश-अनुप्रेक्षा	...	...	१२५—१२७
२४.	अनित्यानुप्रेक्षा	...	...	१२९
२५.	धर्म-माहात्म्यम्	...	...	१३१

जैनमहाराष्ट्री प्राकृत

	प्रमुख विशेषताएँ	...	...	१३२—१३३
२६.	पतिविरहिता राजदुहिता	...	...	१३५
२७.	समाश्वासिता राजदुहिता	...	...	१३७
२८.	ब्राह्मणलक्षणम्	...	...	१३९
२९.	दुर्गं प्रति मुनेरुपदेशः	...	...	१४१—१४३

परिशिष्ट

१.	पारिभाषिक शब्द	१४५—१५०
	(अ) अंग्रेजी-हिन्दी	
	(ब) हिन्दी-अंग्रेजी	
२.	देशी-शब्द	१५०

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

FOREWORD

An Introduction to Prakrit is a desideratum. The sources of Indian culture are to be traced as much to Sanskrit as to Pali and Prakrit. In spite of all contributions by modern scholars, the need for going back to the original will remain for ever. From a narrower point of view, a student of Sanskrit has to face, for example in Sanskrit dramas, a lot of Prakrit. Through Sanskrit rendering of the same, he cannot enjoy the flavour of original Prakrit. He has to have access to the original. In due recognition of this fact, the Banaras Hindu University has assigned a place to the study of Pali and Prakrit in the Post-Graduate curriculum for Sanskrit.

But here the University is confronted by the paucity of suitable reading material. Woolner's Introduction to Prakrit has long disappeared from the market. The University has therefore to fall back upon the *Karpūra-mañjarī* by Rāja-śekhara. But it gives only a partial picture—Śaurasenī Prakrit. How to provide for a full picture that does adequate justice to all the major streams—Mahārāṣṭrī, Śaurasenī, Māgadhī, Ardhamāgadhī, Jaina-śaurasenī and Jaina-mahārāṣṭrī ?

The Department of Sanskrit and Pali had to do something about it. I therefore requested Sri K. C. Jain, Prākṛta-Ācārya, Jaina-darśana-Ācārya, M. A. of the Department to set his hand to it and I am delighted that he has not spared himself to rise up to the occasion. The result is the *Prākṛta-praveśikā* now being presented before the Public.

The motive behind the work, is to introduce the Post-Graduate students of Sanskrit to Prakrit language. An attempt has been made to strike a balance between the immediate need of such students and provision for a handy

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

apparatus for entering the realms of Prakrit literature which in magnitude is only next to Sanskrit. In consonance with the original motive, Prakrit is sought to be explained in the light of Sanskrit—a stand which Prakrit grammarians like Vararuchi have taken.

The work in its modest form is broadly divided into elementary grammar and collections. Regarding grammar Mahārāṣṭrī Prakrit, as in Vararuchi, is taken as the model. Individual variations in other Prakrits have been noted before the specimens of every other Prakrit. The rules of grammar have been authenticated by relevant rules from traditional grammarians, together with their meanings in Hindi at the footnotes. Woolner has been improved upon by incorporating additional topics ; and latest publications on Prakrit have been taken notice of as far as the limited space permits. The approach has therefore been grammatical and to some extent philological.

Collections are intended for providing specimens of different types of Prakrit as they grew through the ages. They are literary rather than technical. They should therefore read pleasant. Every piece again is attended with its Sanskrit rendering so that the correspondence between the two may be thoroughly established.

I shall be very glad indeed if this venture satisfies a long-felt want. I wish the work all success.

Banaras Hindu University
Nov. 12, 1964. S. BHATTACHARYA

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

भूमिका

संस्कृत-साहित्य भारत की अमूल्य-सम्पदा रही है। प्राचीन काल से आज तक काशी, नवद्वीप, मथुरा, काश्मीर आदि नगरों की प्रतिष्ठा केवल संस्कृत-साहित्य के अध्ययन और अध्यापन के लिए बनी हुई है। सच तो यह है कि भारत का गौरव इन्हीं नगरों में विकसित होकर पल्लवित होता रहा है।

विदेशी शासनकाल में निस्सन्देह इस दिशा में कुछ अवनति हुई थी, किन्तु स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् पुनः इस दिशा में विशेष ध्यान दिया गया। इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय है। सन्तोष का विषय है कि लोगों की रुचि संस्कृत-साहित्य की ओर बढ रही है।

यहां यह स्मरण रखना होगा कि संस्कृत-साहित्य के ज्ञान के लिए पालि एवं प्राकृत का मौलिक ज्ञान होना आवश्यक है, क्योंकि संस्कृत के साथ इन भाषाओं का चोली-दामन सा सम्बन्ध है। यही कारण है कि भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों के, जहां संस्कृत की एम० ए० कक्षाएँ हैं, पाठ्यक्रमों में पालि-प्राकृत को आंशिक रूप से स्थान दिया गया है। वास्तविकता यह है कि पालि-प्राकृत के मौलिक ज्ञान के विना संस्कृत-साहित्य का आनन्द एवं ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता है।

सन् १९६३ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के एम० ए० (संस्कृत) पाठ्यक्रम में निर्धारित प्राकृत का अध्यापन-भार मुझे सौंपा गया। निर्धारित पाठ्यक्रम में 'कर्पूरमञ्जरी' एवं प्राकृत-व्याकरण (प्रारम्भिक ज्ञान) था। कर्पूरमञ्जरी पढाते समय मैंने यह अनुभव किया कि छात्रों को प्राकृत के व्याकरण को जान लेने के प्रति उत्सुकता है। अधिकांश छात्रों ने मुझसे इस सम्बन्ध में सुझाव मांगे कि इस विषय के अध्ययन के लिए कौन सी पुस्तक उपयोगी होगी ? मैंने कुछ पुस्तकों के नाम बताये। किन्तु प्रायः सभी छात्रों ने यह शिकायत की

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

कि ये पुस्तकें हमारे लिए अनुपयोगी हैं। हमें तो विभिन्न प्राकृतों का मौलिक ज्ञान प्राप्त करना है।

अन्त में मैंने 'ए० सी० वुल्नर' कृत 'इण्ट्रोडक्शन टु प्राकृत' नामक पुस्तक पढने को दी जिसके प्रति छात्रों ने विशेष आग्रह दिखाया। खेद है कि उक्त पुस्तक अब अप्राप्य है। दूसरी ओर कर्पूरमञ्जरी जो मुख्यरूप से पाठ्य-पुस्तक है, को पढाते समय यह अनुभव किया कि शृंगार-प्रधान पुस्तक होने के कारण छात्र-छात्राएँ उसके प्रति ठीक ध्यान नहीं देते थे। इसके अतिरिक्त उक्त पुस्तक केवल शौरसेनी प्राकृत (जिसके पद्यांश को स्टेनकोनो ने बाद में महाराष्ट्री प्राकृत में परिवर्तित कर दिया है) में ही लिखी गयी है जब कि संस्कृत-छात्रों से अन्य प्राकृतों के ज्ञान की भी अपेक्षा की जाती है।

ये सब ऐसी समस्याएं थीं जिसके कारण मैं किंचित चिन्तित हो उठा। इसकी चर्चा मैंने अपने विभागाध्यक्ष श्रद्धेय डा० सिद्धेश्वर भट्टाचार्य से की तो उन्होंने सुझाव दिया कि क्यों न मैं 'इण्ट्रोडक्शन टु प्राकृत' के आधार पर एक पुस्तक तैयार कर दूं जिससे इन समस्याओं का हल निकल आये। प्रस्तुत पुस्तक उक्त सुझाव का ही परिणाम है।

प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति के विषय में हमें दो मत दिखलाई पड़ते हैं। प्रथम मत के अनुसार 'प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्' या 'प्रकृतीनां जनसाधारणमिदं प्राकृतम्' अर्थात् स्वभाव सिद्ध या जन-साधारण की भाषा को प्राकृत कहते हैं। द्वितीय मत के अनुसार 'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्' अर्थात संस्कृत जिस भाषा की प्रकृति हो या जो भाषा संस्कृत से उत्पन्न हुई हो उसे प्राकृत कहते हैं। प्रथम व्युत्पत्ति ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है एवं द्वितीय प्राकृत भाषा का ज्ञान प्राप्त करने की दृष्टि से। प्रस्तुत पुस्तक संस्कृत छात्रों के लिए विशेष रूप से लिखी गयी है। अतः इसमें द्वितीय व्युत्पत्ति को महत्त्व दिया गया है। इसमें संस्कृत पदों को प्रकृति रूप में पहले लिया गया हैं, तत्पश्चात् उससे बनने वाले प्राकृत पदों को दिया गया है।

प्राकृत वैयाकरणों में भी दो सम्प्रदाय थे। प्रथम सम्प्रदाय के प्रमुख हेमचन्द्र थे तथा द्वितीय के वररुचि। प्रस्तुत पुस्तक में दोनों सम्प्रदायों का समन्वयात्मक ढंग प्रस्तुत किया गया है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

प्रस्तुत ग्रन्थ दो भागों में विभक्त हैं। प्रथम भाग में व्याकरण तथा द्वितीय भाग में प्रमुख प्राकृतों के विशिष्ट गद्यपद्यांशों का संकलन है।

प्रथम भाग में व्याकरण-सम्बन्धी मौलिक नियमों को सरल एवं आधुनिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। टिप्पणी में प्राचीन-परम्परा में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए हेमचन्द्रकृत-प्राकृतव्याकरण एवं वररुचिकृत-प्राकृत-प्रकाश से सूत्र (अर्थ सहित) दिये गये हैं। कहीं कहीं उपयोगी शब्दों को प्राथमिकता देने के लिए सूत्रोक्त शब्दों के क्रम का मूल में परिवर्तन करना पड़ा है। जहां कहीं हेमचन्द्र कृत संस्कृत-व्याकरण से पाणिनिकृत संस्कृत-व्याकरण में भिन्नता है, वहां पाणिनि सम्मत तथ्य को कोष्ठक में दिया है। जैसे प्रथमा विभक्ति एकवचन संस्कृत प्रत्यय—सि (सु) आदि।

द्वितीय भाग में ६ प्रमुख प्राकृतों के विशिष्ट अंशों का संकलन किया गया है। गद्यपद्यांशों को ऐतिहासिक दृष्टि से क्रमबद्ध किया गया है। इससे छात्र विभिन्न प्राकृतों की विभिन्नकालीन धाराओं को सहज ही समझ सकेंगे। प्रत्येक प्राकृत के संकलन के पूर्व उसकी विशिष्टताएँ भी दी गयी हैं। तुलनात्मक रुचि की वृद्धि के लिए साथ में संस्कृत छाया भी दी गयी है। जहां कहीं मुझे व्याकरण से असम्मत पाठ मिले, वहां व्याकरणसम्मत पाठों को कोष्ठकों की सहायता से दिखाया है। संकलन करते समय मैंने इस बात में पूरी सतर्कता रखी है कि संकलित गद्य-पद्यांश सरल, आधुनिक एवं पठन-पाठन के योग्य हों।

इस बात का उल्लेख कर चुका हूं कि प्रस्तुत पुस्तक 'ए० सी० वुल्नर' रचित 'इण्ट्रोडक्शन टु प्राकृत' के आधार पर लिखी गयी है, किन्तु इसकी कुछ निजी विशेषताएं भी हैं। 'इण्ट्रोडक्शन टु प्राकृत' के कुछ तथ्यों को मैंने नहीं लिया है। उदाहरण के लिए अपभ्रंश भाषा तथा प्राकृत साहित्य का विवेचन प्रस्तुत ग्रन्थ में नहीं है क्योंकि यह पुस्तक संस्कृत विद्यार्थियों को प्राकृत सिखाने की दृष्टि से लिखी गयी है। यहां एक बात और स्पष्ट कर दूं कि प्रस्तुत पुस्तक में पालि भाषा को स्थान नहीं दिया गया है, क्योंकि इस विषय पर अलग से एक पुस्तक तैयार की जा रही है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

दूसरी ओर इस पुस्तक में लिंग-परिवर्तन, कारक, अव्यय, समास, तद्धितप्रत्यय, कृत्प्रत्यय एवं स्त्रीप्रत्यय नामक अध्याय अधिक हैं। अध्यायों में विषयवस्तु की प्रामाणिकता को स्पष्ट करने के लिए आवश्यक ग्रन्थों से यथास्थान उद्धरण भी दिये गये हैं। साथ ही विभिन्न स्थलों पर भाषाविज्ञान-सम्बन्धी आवश्यक नियमों की प्रामाणिक चर्चा की गयी है। प्रत्येक गद्य-पद्यांशों की संस्कृतच्छाया भी दी गयी है।

अन्त में एक बात की चर्चा पुनः कर देना आवश्यक समझता हूं कि प्रस्तुत पुस्तक तैयार करने का उद्देश्य प्राकृत भाषा का व्यापक ज्ञान कराना नहीं है अपितु संस्कृत छात्रों के लिए प्राकृत का मौलिक ज्ञान कराना है। इस विषय पर व्यापक रूप से अध्ययन करने के लिए अन्य ग्रन्थों का अध्ययन करना आवश्यक होगा। मेरी यह कृति यदि संस्कृत के छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध हो सके तो मैं अपना परिश्रम सफल समझूंगा।

प्रस्तुत पुस्तक तैयार करने में मुझे जिन आदरणीय गुरुजनों के सुझाव तथा आशीर्वाद प्राप्त हुए हैं, उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना अपना कर्तव्य समझता हूँ। सर्वप्रथम मैं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं पालि विभाग के अध्यक्ष श्रद्धेय डा० सिद्धेश्वर भट्टाचार्य का विशेष रूप से आभारी हूँ जिनके सुझाव से ही मुझे यह पुस्तक लिखने की प्रेरणा प्राप्त हुई। उन्हीं के निर्देशन से यह पुस्तक पूर्ण रूप से तैयार हुई है। जबलपुर विश्वविद्यालय के संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग के अध्यक्ष श्रद्धेय डा० हीरालाल जैन का भी आभारी हूँ जिन्होंने मेरे हस्तलेखों को देखकर समय समय पर निर्देश दिये। भण्डाकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टिट्यूट, पूना के प्रधान सम्पादक आदरणीय डाक्टर पी० एल० वैद्य जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूँ क्योंकि उन्होंने पाण्डुलिपि को आधुनिक रूप में तैयार करने में परामर्श तथा सन्दर्भ पुस्तकें देकर मेरे कार्य को सरल बनाया है। श्रीयुत भाई विश्वनाथ मुखर्जी की समय समय पर सहायता प्राप्त की अतः उनके प्रति भी अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। अगर इन विद्वानों का अमूल्य सहयोग प्राप्त न हुआ होता तो शायद मैं इसे इतना उपयोगी न बना पाता।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

मैं अपने विद्वान-पाठकों तथा छात्रों से एक बात और कहना आवश्यक समझता हूँ कि अगर वे इस पुस्तक में और कोई कमी या त्रुटि पाएँ तो लेखक को कृपया सूचित कर दें ताकि अगले संस्करण में उन सबकी पूर्ति कर, उन समस्त कमियों को दूर किया जा सके।

भारती महाविद्यालय,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी।
नवम्बर १९६४

—कोमलचन्द्र जैन

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

शुद्धिपत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२	१२	शेपस्तु	शेषस्तु
४५	८	माल[१]	मालं[१]
५४	११	हस्	हस
५९	२१	इव	ठ्व
६०	९	इव	ठ्व
७३	२६	ऋद्धिं	रिद्धिं
७४	६	भणेन्तो	भणन्तो
८४	२३	द्दष्टव्य	द्रष्टव्य
९६	२	लोट्टणि	लोठनि
११३	१२	कृत्त्वा	कृत्वा
११३	१३	गत्त्वा	गत्वा
११५	२	श्रेणीकराजस्य	श्रेणिकराजस्य
१२३	१४	ज्ञात्त्वा ··· कृत्त्वा	ज्ञात्वा ··· कृत्वा
१२७	२१	वह्मचेर	बम्हचेर
१४१	२	रूपदेश:[१]	रुपदेश[१]

सङ्केत-विवरण

क्रम० = क्रमदीश्वरकृत-प्राकृतव्याकरण

पि० प्रा० = प्राकृत भाषाओं का व्याकरण (मूललेखक-पिशल)

मार्क० = मार्कण्डेय कृत-प्राकृतसर्वस्व

वर० = वररुचिकृत-प्राकृतप्रकाश

हे० = हेमचन्द्रकृत-प्राकृतव्याकरण

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पहला अध्याय

स्वर-परिवर्तन

अ > आ, समृद्धिः = सामिद्धी, समिद्धी ; प्रकटम् = पाअडं, पअडं ।[1]

इ, व्यजनम् = विअणं ; मृदङ्ग : = मुइंगो ।[2]

ई, हरः = हीरो, हरो ।[3]

उ, प्रथमम् = पुढुमं, पढुमं, पुढमं, पढमं ।[4]

ऊ, अभिज्ञः = अहिण्णू ; आगमज्ञः = आगमण्णू ।[5]

---

१. आ समृद्ध्यादिषु वा ॥१।२।वर०॥
समृद्ध आदि शब्दों के आदि अ को विकल्प से आ हो जाता है ।
(उपसर्ग का पहला स्वर विकल्प से दीर्घ हो जाता है ।—देखिए पि. प्रा. पारा नं. ७७)

२. इदीषत्पक्वस्वप्नवेतसव्यजनमृदङ्गाङ्गारेषु ॥१।३।वर०॥
सूत्रपठित शब्दों के आदि अकार को इकार हो जाता है ।
(जिस शब्द में प्रथम अक्षर की ध्वनि पर बल पड़ता हो वहाँ प्रथम या द्वितीय अक्षर में स्थित अ को इ हो जाता है ।—देखिए पि. प्रा. नं. १०१)

३. ईर्हरे वा ॥८।१।५१।हे०॥
हर शब्द के आदि अ को विकल्प से ई हो जाता है ।

४. प्रथमे प-थोर्वा ॥८।१।५५।हे०॥
प्रथम शब्द के प एवं थ वर्ती अ को विकल्प से उ होता है ।
(प्रायः ओष्ठवर्ण के बाद आने वाले अ को विकल्प से उ होता है ।—तुलना कीजिए पि. प्रा. पारा नं. १०४)

५. ज्ञो णत्वेभिज्ञादौ ॥८।१।५६।हे०॥
अभिज्ञ आदि शब्दों के ज्ञ को ण्ण होने पर ज्ञ स्थित अ को उ हो जाता है ।
(प्रथमाविभक्ति के एकवचन में उः को ऊ हो जाता है ।)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ए, शय्या = सेज्जा, पर्यन्तम् = पेरन्तं ।[१]

ओ, पद्मम् = पोम्मं, पउमं ; नमस्कार: = णमोक्कारो ।[२]

अइ, जलमयम् = जलमइअं, जलमअं ।[३]

आइ, न पुन: = ण उणाइ, ण उणो, ण उण ।[४]

लुक्, अरण्यम् = रण्णं ।[५]

आ > अ, यथा = जह, जहा ;[६] आस्यम् = अस्सं ।[७]

---

१. ए शय्यादिषु ॥१।५।वर०॥
शय्या आदि शब्दों के आदि अकार को एकार हो जाता है ।
शय्या आदि शब्द—
शय्यात्रयोदशाश्चर्यं पर्यन्तोत्करवल्लय: ।
सौन्दर्यं चेति शय्यादिगण: शेषस्तु पूर्ववत् ॥

२. (अ) ओत्पद्मे ॥८।१।६१।हे०॥
पद्म शब्द के आदि अ को ओ होता है ।
(ब) नमस्कार-परस्परे द्वितीयस्य ॥८।१।६२।हे ॥
सूत्रपठित शब्दों के द्वितीय अ को ओ हो जाता है ।
(ओष्ठवर्ण के अनन्तर आने वाले संयुक्त व्यञ्जन के पूर्व के अ को उच्चारण सौकर्य के लिए ओ होता है ।)

३. मयट्यइर्वा ॥८।१।५०।हे०॥
संस्कृत मय प्रत्यय के म में स्थित अकार को विकल्प से अइ होता है ।

४. नात्पुनर्यादाइ वा ॥८।१।६५।हे०॥
न के बाद आने वाले पुनर् शब्द के अ को विकल्प से आइ होता है ।

५. लोपोऽरण्ये ॥१।४।वर०॥
अरण्य शब्द के आदि अ का लोप होता है ।

६. अदातो यथादिषु वा ॥१।१०।वर०॥
यथा आदि शब्दों के आ को विकल्प से अ होता है ।
(क्रियाविशेषण के अन्तिम अस्वरित आ को प्राय: अ हो जाता है ।—देखिए पि. प्रा. पारा नं. ११२)

७. ह्रस्व: संयोगे ॥८।१।८४।हे०॥
संयुक्तव्यञ्जन के पूर्ववर्ती दीर्घ स्वर को ह्रस्व हो जाता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

इ, सदा = सइ, सआ ; यदा = जइ, जआ ।[1]

ई, स्त्यानम् = थीणं, खल्वाट: = खल्लीडो ।[2]

उ, सास्ना = सुण्हा, आर्द्रम् = उल्लं, ओल्लं ।[3]

ऊ, आसार: = ऊसारो, आसारो ।[4]

ए, द्वारम् = देरं, दुआरं ; ग्राह्यम् = गेज्भं ।[5]

ओ, आली = ओली ।[6]

इ > अ, पथि = पहो,[7] इति विकसितकुसुमसर: = इअ विअसिअ-कुसुम-सरो ।[8]

उ, इक्षु: = उच्छू, वृश्चिक: = विच्छुओ ।[9]

---

१. इत्सदादिषु ॥१।११।वर०॥
सदा आदि शब्दों के आ को विकल्प से इ हो जाता है।

२. ई: स्त्यान खल्वाटे ॥८।१।७४ हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के आ को ई हो जाता है।

३. उदोद्वार्द्रे ॥८।१।८२।हे०॥
आर्द्र शब्द के आ को विकल्प से उ या ओ हो जाता है।

४. ऊद्वासारे ॥८।१।७६।हे०॥
आसार शब्द के आदि अ को विकल्प से ऊ होता है।

५. (अ) द्वारे वा ॥८।१।७९।हे०॥
द्वार शब्द के आ को विकल्प से ए हो जाता है।
(ब) एद् ग्राह्ये ॥८।१।७८।हे०॥
ग्राह्य शब्द के आदि आ को ए होता है।

६. ओदाल्यां पङ्क्तौ ॥८।१।८३।हे०॥
पंक्तिवाचक आली शब्द के आ को ओ होता है।

७. अत्पथिहरिद्रापृथिवीषु ॥१।१३।वर०॥
पथि आदि शब्दों के इ को अ हो जाता है।

८. इतेस्त: पदादे: ॥१।१४।वर०॥
पद के आदि में आये हुए इति के तकारस्थित इ को अ होता है।

९. उदिक्षुवृश्चिकयो: ॥१।१५।वर०॥
इक्षु और वृश्चिक शब्द के इ को उ होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ई, सिंहः = सीहो, जिह्वा = जीहा ।[१]
ए, पिण्डम् = पेण्डं, पिण्डं ; सिन्दूरम् = सेन्दूरं, सिंदूरं ।[२]
ओ, द्विधाकृतम् = दोहाइअं, दुहाइअं ।[३]
ई > अ, हरीतकी = हरडई ।[४]
आ, काश्मीराः = कम्हारा ।[५]
इ, पानीयम् = पाणिअं, अलीकम् = अलिअं ।[६]
उ, जीर्णम् = जुण्णं, जिण्णं ।[७]
ऊ, हीनः = हूणो, हीणो ; विहीनः = विहूणो, विहीणो ।[८]
ए, पीयूषम् = पेऊसं, कीदृशः = केरिसो, ईदृशः = एरिसो ।[९]

---

१. ईत्सिंहजिह्वयोश्च ॥१।१७।वर०॥
सिंह तथा जिह्वा शब्द के आदि इ को ई होता है ।

२. इत एत्पिण्डसमेषु ॥१।१२।वर०॥
पिण्ड आदि शब्दों के इकार को एकार होता है ।
(संयुक्त व्यञ्जन के पूर्व के इकार को एकार होता है –देखिए पि. प्रा. पारा नं. ११८)

३. ओ च द्विधाकृञः ॥१।१६।वर०॥
कृञ् धातु के साथ द्विधा शब्द के इकार को ओकार होता है ।
(चकारदुत्वं च, सूत्रवृत्ति ।)

४. हरीतक्यामीतोत् ॥८।१।९९।हे०॥
हरीतकी शब्द में आदि ई को अ होता है ।

५. आत्कश्मीरे ॥८।१।१००।हे०॥
कश्मीर शब्द के ई को आ होता है ।

६. इदीतः पानीयादिषु ॥१।१८।वर०॥
पानीय आदि शब्दों के आदि ईकार को इकार हो जाता है ।

७. उज्जीर्णे ॥८।१।१०२।हे०॥
जीर्ण शब्द के ईकार को विकल्प से उकार होता है ।

८. ऊर्हीने-विहीने वा ॥८।१।१०३।हे०॥
हीन और विहीन शब्द के ईकार को विकल्प से ऊकार होता है ।

९. एत्पीयूषापीड-बिभीतक-कीदृशेदृशे ॥८।१।१०५।हे०॥
पीयूष आदि शब्दों के ई को ए होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

उ > अ, मुकुलः = मउलो, गुरुकम् = गुरूअं ।[१]
इ, पुरुषः = पुरिसो, भ्रुकुटिः = भिउडी ।[२]
ई, क्षुतम् = छीअं ।[३]
ऊ, दुर्भगः = दूहवो, दुहओ ।[४]
ओ, पुष्करम् = पोक्खरो, तुण्डम् = तोण्डं ।[५]
ऊ > अ, दुकूलम् = दुअल्लं, दुऊलं ।[६]
इ, नूपुरम् = निउरं, नेउरं, नूउरं ।[७]
ई, उद्व्यूढम् = उव्वीढं, उव्वूढं ।[८]

---

१. उतो मुकुलादिष्वत् ।।८।१।१०७।हे०।।
मुकुल आदि शब्दों के आदि उकार को अकार होता है ।
(एक शब्द में दो उकार होने पर प्रथम उकार को अकार होता है ।–देखिए पि. प्रा. पारा नं. १२२)

२. इत्पुरुषे रोः ।।१।२३।वर०।।
पुरुष शब्द के रु में स्थित उ को इ होता है ।
इर्भ्रुकुटौ ।।८।१।११०।हे०।।
भ्रुकुटि शब्द के आदि उ को इ होता है ।

३. ईः क्षुते ।।८।१।११२।हे०।।
क्षुत शब्द के आदि उकार को ईकार होता है ।

४. लुंकि दुरो वा ।।८।१।११५।हे०।।
दुर् उपसर्ग के रेफ का लोप होने पर उ को विकल्प से ऊ होता है ।

५. उत ओत्तुण्डरूपेषु ।।१।२०।वर०।।
तुण्ड आदि शब्दों के उकार को ओकार होता है ।
(प्रायः संयुक्त व्यञ्जन के पूर्व के उ को ओ होता है ।–देखिए पि. प्रा. पारा नं. १२४)

६. अद्‌दुकूले वा लस्य द्वित्वम् ।।१।२५।वर०।।
दुकूल शब्द के ऊ को विकल्प से अ होता है तथा ल् को द्वित्व होता है ।

७. इदेतौ नूपुरे वा ।।८।१।१२३।हे०।।
नूपुर शब्द के ऊ को विकल्प से इ तथा ए होते हैं ।

८. ईर्वोद्व्यूढे ।।८।१।१२०।हे०।।
उद्व्यूढ शब्द के ऊ को विकल्प से ई होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Preseyation Foundation, Chandigarh

उ, हनूमान् = हणुमन्तो, मधूकम् = महुअं, महूअं ।[१]

ए, नूपुरम् = नेउरं, नूउरं ।

ओ, कर्पूरम् = कोप्परं, ताम्बूलम् = तंबोलं ।[२]

ऋ > अ, तृणम् = तणं, मृतम् = मअं, कृतम् = कअं ।[३]

इ, ऋषिः = इसी, मृगांकः = मिअंको ।[४]

उ, ऋतुः = उऊ, परभृतः = परहुओ ।[५]

ऊ, मृषा = मूसा, मोसा, मुसा ।[६]

ए, वृन्तम् = वेण्टं, विण्टं, वोण्टं ।[७]

ओ, मृषा = मोसा, मुसा ।

---

१. (अ) उर्भ्रूहनूमत्कण्डूय-वातूले ।।८।१।१२१।हे०।।
सूत्रोक्त शब्दों के ऊ को उ होता है ।
(ब) मधूके वा ।।८।१।१२२।हे०।।
मधूक शब्द के ऊ को विकल्प से उ होता है ।

२. ओत्कूष्माण्डी-तूणीर कूर्पर-स्थूल-ताम्बूल-गुडूची-मूल्ये।।८।१।१२४।हे०।।
सूत्रोक्त शब्दों के ऊ को ओ होता है ।
(उ की तरह ऊ भी संयुक्त व्यंजन से पूर्व आने पर ओ हो जाता है ।— देखिए पि. प्रा. पारा नं. १२८)

३. ऋतोत् ।।८।१।१२६।हे०।।
आदि ऋकार को अ होता है ।

४. इदृष्यादिषु ।।१।२८।वर०।।
ऋषि आदि शब्दों के आदि ऋकार को इकार होता है ।

५. उदृत्वादिषु ।।१।२९।वर०।।
ऋतु आदि शब्दों के ऋकार को उकार होता है ।
(औष्ठ्य वर्णों के बाद ऋ या ऋ के बाद उ आने पर ऋकार को उकार हो जाता है ।— तुलना कीजिए पि. प्रा. पारा नं. ५१)

६ उदूदोन्मृषि ।।८।१।१३६।हे०।।
मृषा शब्द के ऋ को उ, ऊ तथा ओ होता है ।

७. इदेदोद्वृन्ते ।।८।१।१३९।हे०।।
वृन्त शब्द के ऋ को इ, ए तथा ओ होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

रि, ऋद्धः = रिद्धो,[1] सदृशः = सरिसो।[2]

ऌ > इलि, क्लृप्तम् = किलित्तं, क्लृन्नम् = किलिन्नं।[3]

ए > इ, वेदना = विअणा, वेअणा ; देवरः = दिअरो, देअरो।[4]

ऊ, स्तेनः = थूणो, थेणो।[5]

ऐ > अअ, उच्चैस् = उच्चअं, नीचैस् = नीचअं।[6]

इ, सैन्धवम् = सिन्धवं, शनैश्चरः = सणिच्छरो।[7]

ई, धैर्यम् = धीरं।[8]

अइ, दैत्यः = दइच्चो, भैरवः = भइरवो।[9]

---

१. अयुक्तस्य रिः ॥१।३०।वर०॥
दूसरे वर्ण से असंयुक्त आदि ऋ को रि होता है।

२. क्वचिद्युक्तस्यापि ॥१।३१।वर०॥
कहीं कहीं वर्णान्तर से संयुक्त ऋकार को भी रि होता है।

३. ऌत इलिः क्लृप्त-क्लृन्ने ॥८।१।१४५।हे०॥
सूत्रोक्त शब्द के ऌकार को इलि होता है।
(व्यञ्जनों के बाद जब ऌ आता है तब प्राकृत में उसका रूप इलि हो जाता है। जब ऌ स्वतन्त्र आता है तब वह लि में परिणत हो जाता है। जैसे ऌकारः = लिआरो। —देखिए पि. प्रा. पारा नं. ५९)

४. एत इद्वेदनादेवरयोः ॥१।३४।वर०॥
वेदना तथा देवर शब्द के ए को विकल्प से इ होता है।

५. ऊः स्तेने वा ॥८।१।१४७।हे०॥
स्तेन के ए को विकल्प से ऊ होता है।

६. उच्चैर्नीचैस्यअः ॥८।१।१५४।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के ऐ को अअ होता है।

७. इत्सैन्धव-शनैश्चरे ॥८।१।१४९।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के ऐ का इ होता है।

८. ईद्धैर्ये ॥१।३९।वर०॥
धैर्य शब्द के ऐ को ई होता है।

९. दैत्यादिष्वइ ॥१।३६।वर०॥
दैत्यादि शब्दों के ऐ को अइ होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ए, शैलः = सेलो, शैत्यम् = सेच्चं ।[१]
ओ > अ, अन्योन्यम् = अन्नन्नं, अन्नुन्नं ; प्रकोष्ठः = पवट्ठो, पउट्ठो ।[२]
ऊ, सोच्छ्वासो = सूसासो ।[३]
अउ, गोकः = गउओ, गौः = गऊ ।[४]
आअ, गो = गाअ-गाओ (पुं०) गाई (स्त्री०) ।
औ > अउ, पौरः = पउरो, कौरवः = कउरवो ।[५]
आ, गौरवम् = गारवं, गउरवं ।[६]
उ, सौन्दर्यम् = सुन्देरं, सुन्दरिअं ; शौण्डः = सुण्डो ।[७]
ओ, कौमुदी = कोमुई, यौवनम् = जोव्वणं ।[८]
आव, नौः = नावा ।[९]

---

१. ऐत एत् ॥१।३६।वर०॥
आदि ऐकार का एकार होता है।

२. ओतोद्वान्योन्य-प्रकोष्ठातोद्य-शिरोवेदना-मनोहर-सरोरुहे क्तोश्च वः ॥८।१।१५६।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के ओ को विकल्प से अ तथा यथासम्भव ककार तथा तकार को व आदेश होता है।

३. ऊत्सोच्छ्वासे ॥८।१।१५७।हे०॥
सोच्छ्वास शब्द के ओ को ऊ होता है।

४ गव्यउ-आअः ॥८।१।१५८।हे०॥
गो शब्द के ओ को अउ, आअ आदेश होते हैं।

५. अउः पौरादौ च ॥८।१।१६२।हे०॥
पौरादि तथा कौक्षेयक शब्द के औ को अउ होता है।

६. आच्च गौरवे ॥८।१।१६३॥
गौरव शब्द के औ को आ तथा अउ होता है।

७. उत्सौन्दर्यादौ । ॥८।१।१६०।हे०॥
सौन्दर्य आदि शब्दों के औ को उ होता है।

८. औत ओत् ॥८।१।१५९।हे०॥
आदि औकार को ओकार हो जाता है।

९. नाव्यावः ॥८।१।१६४।हे०॥
नौ शब्द के औ को आव आदेश होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

दूसरा अध्याय

सरलव्यञ्जन-परिवर्तन

क > लोप, लोकः = लोओ, नकुलः = णउलो ।[1]

ख, कुब्जः = खुज्जो, कर्परम् = खप्परं, कीलः = खीलो ।[2]

ग, मरकतम् = मरगयं, मदकलः = मयगलो ।[3]

च, किरातः = चिलाओ ।[4]

भ, शीकरः = सीभरो, सीहरो, सीअरो ।[5]

म, चन्द्रिका = चन्दिमा ।[6]

---

१. क-ग-च-ज-त-द-प-य-वां प्रायो लुक् ॥८।१।१७७।हे०॥
अनादि असंयुक्त क आदि व्यञ्जनों का प्रायः लोप होता है ।

२. कुब्ज-कर्पर-कीले कः खोपुष्पे ॥८।१।१८१।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के ककार को ख होता है, कुब्ज पुष्प वाची न हो ।

३. मरकत-मदकले गः कन्दुके त्वादेः ॥८।१।१८२।हे०॥
मरकत, मदकल शब्द के ककार को तथा कन्दुक शब्द के आदि ककार को ग होता है ।
(कहीं कहीं वर्ग के प्रथम तथा तृतीय अक्षर क्रमशः द्वितीय तथा चतुर्थ अक्षर में बदल जाते हैं ।—देखिए पि. प्रा. पारा नं. १९४)

४. किराते चः ॥८।१।१८३।हे०॥
किरात शब्द के ककार को चकार होता है ।

५. शीकरे भ-हौ वा ॥८।१।१८४।हे०॥
शीकर शब्द के ककार को विकल्प से भ तथा ह होता है ।

६. चन्द्रिकायां मः ॥८।१।१८५।हे०॥
चन्द्रिका शब्द के क को म होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

य, तीर्थंकरः = तित्थयरो, शकटम् = सयढं ।[1]
व, प्रकोष्ठः = पवट्ठो, पउट्ठो ।
ह, निकषः = निहसो, स्फटिकः = फलिहो ।[2]
ख > क, शृङ्खलम् = संकलं, शृङ्खला = संकला ।[3]
ह, मुखम् = मुहं, मेखला = मेहला, शाखा = साहा ।[4]
ग > लोप, अनुरागः = अणुराओ, नगरम् = णअरं ।
क, नगरम् = नकरं, गगनम् = गकनं (पैशाची) ।[5]

---

१. अवर्णो यश्रुतिः ॥८।१।१८०।हे०॥
अवर्ण से पर क, ग आदि के लोप होने से यदि अ या आ शेष रहे तो यश्रुति होती है ।
(जिन व्यञ्जनों की विच्युति हो जाती है उनके स्थान पर लघुप्रयत्नतर यकार अर्थात् हल्की ध्वनि से उच्चारित य बोला जाता है । हेमचन्द्र के अनुसार यह केवल अ और आ के बीच में आता है । मार्कण्डेय के अनुसार यश्रुति तब होती है जब एक स्वर अ या इ हो ।—देखिए पि प्रा. पारा नं. १७९)

२. निकष-स्फटिक-चिकुरे हः ॥८।१।१८६।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के क को ह होता है ।

३. शृङ्खले खः कः ॥८।१।१८९ हे०॥
शृङ्खल शब्द के ख को क होता है ।
(कुछ हकारयुक्त वर्णों से हकार समाप्त हो जाता है । तुलना कीजिए—पि. प्रा. पारा नं. २०९)

४. ख-घ थ-ध-भाम् ॥८।१।१८७ हे०॥
स्वर से परे असंयुक्त अनादि ख घ थ ध भ (हकारयुक्त वर्णों को) को प्रायः ह होता है ।
(शब्द के आरम्भ में होने पर इनका दो चार स्थान पर ही ह रूप होता है ।—देखिए पि. प्रा. पारा नं. १८८)

५. वर्गाणां तृतीयचतुर्थयोरयुजोरनाद्योराद्यौ ॥१०।३।वर०॥
पैशाची प्राकृत में वर्ग के अनादि असंयुक्त तृतीय एवं चतुर्थ व्यञ्जनों को क्रमशः प्रथम और द्वितीय हो जाते हैं ।
(तुलना कीजिए—पि. प्रा. पारा नं. १९३)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

म, पुंनागानि = पुंनामाइं, भागिनी = भामिणी ।[1]
ल, छागः = छालो, छागी = छाली ।[2]
व, दुर्भगः = दूहवो, सुभगः = सूहवो ।[3]
घ > ख, मेघः = मेखो, व्याघ्रः = वक्खो (पैशाची) ।
ह, मेघः = मेहो, जघनम् = जहणं ।
च > लोप, नाराचः = णाराओ, प्रचुरम् = पउरं ।
ज, पिशाची = पिसाजी ।
ल, पिशाचः = पिसल्लो, पिसाओ ।[4]
स, खचितः = खसिओ, खइओ ।
छ (अपरिवर्तित), छेदः = छेओ ।[5]
ज > लोप, रजतम् = रअदं, गजः = गओ ।
च, राजा = राचा (पै०), जर्जरम् = चच्चरं (चू० पै०) ।
ज्ज, ऋजुः = उज्जू ।[6]

---

१. पुन्नाग-भागिन्योर्गो मः ॥८।१।१९०।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के ग को म होता है ।

२. छागे लः ॥८।१।१९१।हे०॥
छाग शब्द के ग को ल होता है ।

३. ऊत्वे दुर्भग-सुभगे वः ॥८।१।१९२।हे०॥
दुर्भग, सुभग शब्दों के उ को दीर्घ होने पर ग को व होता है ।

४. खचित-पिशाचयोश्चः स-ल्लौ वा ॥८।१।१९३।हे०॥
खचित और पिशाच शब्द के च को विकल्प से क्रमशः स तथा ल्ल होते हैं ।

५. (शब्द के आरम्भ में छ अपरिवर्तित बना रहता है । शब्द के मध्य में यह संस्कृत के समान ही च्छ रूप ग्रहण कर लेता है ।—देखिए पि. प्रा. पारा नं. २२५)

६. नीडादिषु ॥३।५२।वर०॥
नीड आदि शब्द के अनादि वर्तमान व्यञ्जन को द्वित्व होता है ।
नीडादिगण के शब्द—

नीडव्याहृतमण्डूकस्रोतांसि प्रेमयौवने ।
ऋजुः स्थूलं तथा तैलं त्रैलोक्यं च गणो यथा ॥ —कल्पलतिका

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

झ, जटिलः = झडिलो, ज़डिलो ।[१]

र, व्यवसृजति = वोसिरामि ।[२]

ट > ड, घटः = घडो, नटः = नडो, भटः = भडो ।[३]

ढ, कैटभः = केढवो, शकटः = सयढो, सटा = सढा ।[४]

ल, स्फटिकः = फलिहो, चपेटा = चविला, चविडा ; पाटयति = फालेइ, फाडेइ ।[५]

ठ > ढ, मठः = मढो, कुठारः = कुढारो, पठति = पढइ ।[६]

ल्ल, अङ्कोठः = अंकोल्लो ; अङ्कोठतैलम् = अंकोल्लतेल्लं ।[७]

ड > ट, तडागः = तटाको (पैशाची) ।

ल, गरुडः = गरुलो, वडवामुखम् = वलयामुहं, तडागम् = तलायं ।[८]

---

१. जटिले जो झो वा ॥८।१।१९४।हे०॥
जटिल शब्द के ज को विकल्प से झ होता है ।

२. (सृज् धातु के ज् को र् हो जाता है ।—देखिए पि. प्रा. पारा नं. २२७)

३. टो डः ॥८।१।१९५।हे०॥
स्वर से परे अनादि असंयुक्त ट को ड होता है ।
(टवर्ग के असंयुक्त अनादि प्रथम तथा द्वितीय वर्ण क्रमशः तृतीय तथा चतुर्थ वर्ण हो जाते हैं ।—देखिए पि. प्रा. पारा नं. १९०)

४. सटा-शकट-कैटभे ढः ॥८।१।१९६।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के ट को ढ होता है ।

५. (अ) स्फटिके लः ॥८।१।१९७।हे०॥
स्फटिक शब्द के ट को ल होता है ।
(ब) चपेटा-पाटौ वा ॥८।१।१९८।हे०॥
चपेटा शब्द तथा ण्यन्त पाटि धातु के ट को विकल्प से ल होता है ।

६. ठो ढः ॥८।१।१९९।हे०॥
स्वर से परे असंयुक्त अनादि ठ को ढ होता है ।

७. अङ्कोठे ल्लः ॥८।१।२००।हे०॥
अंकोठ शब्द के ठ को ल्ल होता है ।

८. डो लः ॥८।१।२०२।हे०॥
स्वर से परे असंयुक्त अनादि ड को प्रायः ल होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ढ (अपरिवर्तित), गाढम् = गाढं, सोढुम् = सोढुं ।[1]
ण > न, गुणेण = गुनेन, विषाणम् = विसानं (पैशाची) ।[2]
ल, वेणुः = वेलू, वेणू ।[3]
त > लोप, कृतम् = कअं, रसातलम् = रसायलं ।
द, ऋतुः = उदू, रजतम् = रअदं, संयतः = संजदो ।[4]
च, छ; तुच्छम् = चुच्छं, छुच्छं ।[5]
ट, तगरः = टगरो, तूबरः = टूबरो, त्रसरः = टसरो ।[6]
ड, प्रतिसारः = पडिसारो, प्राभृतम् = पाहुडं ।[7]

---

१. (सभी प्राकृत बोलियों में ढ अपरिवर्तित रहता है ।—देखिये पि. प्रा. पारा नं. २३४)

२. णो नः ॥८।४।३०६।हे०॥
पैशाची में णकार को न होता है ।

३. वेणौ णो वा ॥८।१।२०३।हे०॥
वेणु शब्द के ण को विकल्प से ल होता है ।

४. ऋत्वादिषु तो दः ॥२।७।वर०॥
ऋत्वादि शब्द के त को द होता है ।
(वररुचि, क्रमदीश्वर तथा मार्कण्डेय के अनुसार महाराष्ट्री के भी अनेक शब्दों के त को द होता है । वे सभी शब्द ऋत्वादिगण में एकत्र किये हैं । हेमचन्द्र ने सूत्र नं. ८।१।२०९ में इस मत की आलोचना की है । बात यह है कि यह ध्वनि परिवर्तन शौरसेनी तथा मागधी में होता है, महाराष्ट्री में नहीं ।—देखिए पि. प्रा. पारा नं. १८६ ।)

५. तुच्छे तश्च-छौ वा ॥८।१।२०४।हे०॥
तुच्छ शब्द के त को च तथा छ होता है ।
(बाद में आने वाले तालव्यवर्ण की समानता के लिये त को तालव्य च या छ होता है ।)

६. तगर-त्रसर-तूबरे टः ॥८।१।२०५।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के त को ट होता है ।
(संस्कृत के दंत्यवर्ण प्राकृत में बहुधा मूर्धन्य बन जाते हैं ।—देखिए पि. प्रा. पा. पारा. नं. २१०)

७. प्रत्यादौ डः ॥८।१।२०६।हे०॥
प्रति आदि शब्द के त को ड होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ण, गर्भितः = गब्भिणो, अतिमुक्तकम् = अणिउँतयं।[1]
र, सप्ततिः = सत्तरी।[2]
ल, अतसी = अलसी, सातवाहनः = सालवाहणो।
पलितम् = पलिलं, पलिअं।[3]
व, पीतलम् = पीवलं, पीअलं।[4]
ह, वितस्तिः = विहत्थी, वसतिः = वसही।[5]
थ > ढ, मेथिः = मेढी, शिथिरः = सिढिलो, प्रथमः = पढमो।[6]
ध, कथयति = कधेदि, कहेदि; नाथः = णाधो, णाहो।[7]
ह, मिथुनम् = मिहुणं, कथयति = कहेइ।
द > लोप, वदनम् = वअणं, मदनम् = मअणं, नदी = नई।
ड, दशनम् = डसणं, दसणं; दोला = डोला, दोला।[8]

---

१. गर्भितातिमुक्तके णः ॥८।१।२०८।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के त को ण होता है।

२. सप्ततौ रः ॥८।१।२१०।हे०॥
सप्तति के त को र होता है।

३. (अ) अतसी-सातवाहने लः ॥८।१।२११।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के त को ल होता है।
(ब) पलिते वा ॥८।१।२१२।हे०॥
पलित शब्द के त को विकल्प से ल होता है।

४. पीते वो ले वा ॥८।१।२१३।हे०॥
पीत शब्द के त को विकल्प से व होता है स्वार्थिक ल परे रहते।

५. वितस्ति-वसति-भरत-कातर-मातुलिङ्गे हः ॥८।१।२१४।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के त को ह होता है।

६. मेथि-शिथिर-शिथिल-प्रथमे थस्य ढः ॥८।१।२१५।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के थ को ढ होता है।

७. थो धः ॥८।४।२६७।हे०॥
शौरसेनी में थ को विकल्प से ध होता है।

८. दशन-दष्ट-दग्ध-दोला-दण्ड-दर-दाह-दम्भ-दर्भ-कदन-दोहदे दो वा डः ॥८।१।२१७।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के द को विकल्प से ड होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

त, मदनः = मतनो (पैशाची) ।

ध, दीप्यते = धिप्पइ, दिप्पइ ।[1]

र, द्वादश = बारह, त्रयोदश = तेरह, गद्गदम् = गग्गरं ।[2]

ल, प्रदीप्तम् = पलित्तं, दोहदः = दोहलो, कदम्बः = कलम्बो, कयम्बो ।[3]

व, कदर्थितः = कवट्टिओ ।[4]

ह, ककुदम् = कउहं ।[5]

ध > थ, मधुरम् = मथुरं (पैशाची) ।

ढ, निषधः = निसढो, औषधम् = ओसढं, ओसहं ।[6]

ह, बधिरः = बहिरो, साधुः = साहू ।

न > ण, नयनम् = णअणं, नूनम् = णूणं ।[7]

---

१. दीपौ धो वा ॥८।१।२२३।हे०॥
दीप के द को विकल्प से ध होता है ।

२. संख्या-गद्गदे रः ॥८।१।२१९।हे०॥
संख्यावाचक तथा गद्गद शब्द के द हो र होता है ।

३. (अ) प्रदीपि-दोहदे लः ॥८।१।२२१।हे०॥
प्र उपसर्गपूर्वक दीपि धातु तथा दोहद शब्द के द को ल होता है ।

(ब) कदम्बे वा ॥८।१।२२२।हे०॥
कदम्ब शब्द के द को विकल्प से ल होता है ।

४. कदर्थिते वः ॥८।१।२२४।हे०॥
कदर्थित शब्द के द को व होता है ।

५. ककुदे हः ॥८।१।२२५।हे०॥
ककुद शब्द के द को ह होता है ।

६. (अ) निषधे धो ढः ॥८।१।२२६।हे०॥
निषध शब्द के ध को ढ होता है ।

(ब) वौषधे ॥८।१।२२७।हे०॥
औषध शब्द के ध को विकल्प से ढ होता है ।

७. नो णः सर्वत्र ॥२।४२।वर०॥
न को सर्वत्र ण होता है ।
(अ—कुछ वैयाकरण शब्द के आरम्भ में न तथा ण दोनों मानते हैं । देखिए हे० ८।१।२२९, क्रम० २।१०७॥
ब—अर्धमागधी जैनमहाराष्ट्री तथा जैनशौरसेनी में विशुद्ध न शब्दों के आरम्भ में तथा द्वित्व न (न्न) शब्दों के मध्य में ज्यों के त्यों बने रहते हैं ।—देखिए पि. प्रा. पारा नं. २२४)

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ल, ण्ह ; निम्बः = लिंबो, निंबो ; नापितः = ण्हाविओ, नाविओ ।[1]

प > लोप, सुपुरुषः = सुउरिसो, रिपुः = रिऊ, कपिः = कई ।

फ, पाटयति = फाडेइ, परुषः = फरूसो, परिघः = फलिहो ।[2]

म, नीपः = नीमो, नीवो ; आपीडः = आमेलो, आवेडो ।[3]

व, पापम् = पावं, दीपम् = दीवं, उपमा = उवमा ।[4]

र, पार्पद्धिः = पारद्धी ।[5]

फ > भ, रेफः = रेभो, सफलम् = सभलं, शेफालिका = सेभालिआ, सेहालिआ ।[6]

ह, मुक्ताफलम् = मुत्ताहलं ।

ब > प, बालकः = पालको (चू० पै०) ।

---

१. निम्ब-नापिते ल-ण्हं वा ॥८।१।२३०।हे०॥
निम्ब तथा नापित शब्द के न को विकल्प से क्रमशः ल तथा ण्ह होते हैं।

२. पाटि-परुष-परिघ-परिखा-पनस-पारिभद्रे फः ॥८।१।२३२।हे०॥
ण्यन्त पाटि धातु तथा परुष आदि शब्दों के प को फ होता है।

३. नीपापीडे मो वा ॥८।१।२३४।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के प को विकल्प से म होता है।
(प के स्थान पर नियम के अनुसार व हो जाता है तथा कभी-कभी म बन जाता है।—देखिए पि. प्रा. पारा नं. २४० ।)

४. पो वः ॥८।१।२३१।हे०॥
स्वर से परे असंयुक्त अनादि प को व होता है।

५. पापर्द्धौ रः ॥८।१।२३५।हे०॥
पार्पद्धि शब्द के द्वितीय प को र होता है।

६. फो भ-हौ ॥८।१।२३६।हे०॥
स्वर से परे असंयुक्त अनादि फ को कहीं भ, कहीं ह तथा कहीं दोनों (भ ह) होते हैं।
(वररुचि के अनुसार शब्द के भीतर तथा स्वरों के बीच में होने से फ सदा भ बन जाता है। हेमचन्द्र के अनुसार फ के स्थान पर प्राकृत में भ और ह दोनों रखे जा सकते हैं। —देखिए पि. प्रा. पारा नं. १९२)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

भ, बिसिनी = भिसिणी ।[1]

म, य; कबन्धः = कमन्धो, कयन्धो ।[2]

व, शबलः = सवलो, अलाबूः = अलावू ।[3]

भ > फ, भगवती = फक्कवती (चू० पै०) ।

व, कैटभः = केढवो ।[4]

ह, सभा = सहा, शोभते = सोहइ, नभः = णहं ।

म > लोप, यमुना = जँउणा, चामुण्डा = चाँउण्डा ।[5]

ढ, विषमः = विसढो, विसमो ।[6]

व, मन्मथः = वम्महो, अभिमन्युः = अहिवन्नू , अहिमन्नू ।[7]

स, भ्रमरः = भसलो, भमरो ।[8]

---

१. बिसिन्यां भः ॥८।१।२३८।हे०॥
बिसिनी शब्द के ब को भ होता है ।

२. कबन्धे म-यौ ॥८।१।२३९।हे०॥
कबन्ध शब्द के ब को म, य होते हैं ।

३. बो वः ॥८।१।२३७।हे०॥
स्वर से परे असंयुक्त अनादि ब को व होता है ।

४. कैटभे भो वः ॥८।१।२४०।हे०॥
कैटभ शब्द के भ को व होता है ।

५. यमुना-चामुण्डा-कामुकातिमुक्तके मोनुनासिकश्च ॥८।१।१७८।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के म का लोप होता है । लोप होने के बाद म के स्थान पर अनुनासिक होता है ।

६. विषमे मो ढो वा ॥८।१।२४१।हे०॥
विषम शब्द के म को विकल्प से ढ होता है ।

७. (अ) मन्मथे वः ॥८।१।२४२।हे०॥
मन्मथ शब्द के म को व होता है ।
(ब) वाभिमन्यौ ॥८।१।२४३।हे०॥
अभिमन्यु शब्द के म को विकल्प से व होता है ।

८. भ्रमरे सो वा ॥८।१।२४४।हे०॥
भ्रमर शब्द के म को विकल्प से स होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

य > लोप, नयनम् = णअणं, वियोगः = विओओ ।

ज, यशः = जसो, यमः = जमो, याति = जाइ ।[1]

ज्ज, उत्तरीयम्=उत्तरिज्जं, उत्तरीअं, करणीयम्=करणिज्जं, करणीअं ।[2]

त, युष्मदीयः = तुम्हकेरो, युष्मादृशः = तुम्हारिसो ।[3]

ल, यष्टिः = लट्ठी ।[4]

ह, छाया = छाही, छाया ।[5]

र > ड, किरिः = किडी, भेरः (दे०) = भेडो ।[6]

ण, करवीरः = कणवीरो ।[7]

ल, हरिद्रा = हलिद्दा, भ्रमरः = भसलो ।[8]

---

१. आदेर्यो जः ॥८।१।२४५।हे०॥
आदि य को ज होता है ।

२. वोत्तरीयानीय-तीय-कृद्ये ज्जः ॥८।१।२४८।हे०॥
उत्तरीय शब्द तथा अनीय, तीय, कृत् प्रत्ययों के य को विकल्प से ज्ज होता है ।

३. युष्मद्यर्थपरे तः ॥८।१।२४६।हे०॥
युष्मद् शब्द के य को त होता है ।

४. यष्ट्यां लः ॥८।१।२४७।हे०॥
यष्टि के य को ल होता है ।

५. छायायां होकान्तौ वा ॥८।१।२४९।हे०॥
अकान्त छाया शब्द के य को विकल्प से ह होता है ।

६. किरि-भेरे रो डः ॥८।१।२५१।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के र को ड होता है ।

७. करवीरे णः ॥८।१।२५३।हे०॥
करवीर शब्द के प्रथम र को ण होता है ।

८. हरिद्रादौ लः ॥८।१।२५४।हे०॥
हरिद्रा आदि शब्दों के असंयुक्त र को ल होता है ।
भ्रमरे ससंनियोगे एव । वृत्ति ।
भ्रमर शब्द में म को स होने पर ही र को ल होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ल > ण, लाहलः = णाहलो, ललाटम् = णडालं, णिडालं ।[1]
र, स्थूलम् = थोरं ।[2]

व > लोप, जीवः = जीओ, लावण्यं = लाअण्णं ।
भ, विसिनी = भिसिणी ।[3]
म, स्वप्नः = सिमिणो, सिविणो ; नीवी = नीमी, नीवी ।[4]

श > छ, शमी = छमी, शावः = छावो ।[5]
स, शब्दः = सद्दो, निशा = णिसा ।[6]
ह, दश = दह, दस ; एकादश = एआरह, एआरस ।[7]

ष > छ, षण्मुखः = छंमुहो ।
ण्ह, स्नुषा = सुण्हा, सुसा ।[8]
स, कषायः = कसाओ, निकषः = निहसो ।
ह, पाषाणः = पाहाणो, पासाणो ।

---

१. (अ) लाहल–लाङ्गल-लाङ्गूले वादेर्णः ॥८।१।२६६।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के आदि ल को विकल्प से ण होता है ।
(ब) ललाटे च ॥८।१।२६७।हे०॥
ललाट शब्द के आदि ल को ण होता है ।

२. स्थूले लो रः ॥८।१।२५५।हे०॥
स्थूल शब्द के ल को र होता है ।

३. विसिन्यां भः ॥२।३८।वर०॥
विसिनी शब्द के व को भ होता है ।

४. स्वप्न-नीव्योर्वा ॥८।१।२५९।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के व को विकल्प से म होता है ।

५. षट्–शमी–शाव-सुधा-सप्तपर्णेष्वादेश्छः ॥८।१।२६५।हे०।
सूत्रोक्त शब्दों के आदि वर्ण को छ होता है ।

६. श-षोः सः ॥८।१।२६०।हे०॥
श तथा ष को स होता है ।

७. दश-पाषाणे हः ॥८।१।२६२।हे०॥
दश एवं पाषाण शब्द के श, ष को विकल्प से ह होता है ।

८. स्नुषायां ण्हो न वा ॥८।१।२६१।हे०॥
स्नुषा शब्द के ष को विकल्प से ण्ह होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

स > छ, सप्तपर्णः = छत्तिवण्णो, सुधा = छुहा ।

ह, दिवसः = दिवहो, दिवसो ।[1]

ह > घ, सिंहः = सिंघो, सीहो ; संहारः = संघारो, संहारो ।[2]

१. दिवसे सः ॥८।१।२६३।हे०॥
दिवस शब्द के स को विकल्प से ह होता है ।

२. हो घोऽनुस्वारात् ॥८।१।२६४।हे०॥
अनुस्वार के बाद आने वाले ह को विकल्प से घ होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

तीसरा अध्याय

संयुक्तव्यञ्जन-परिवर्तन

१. शब्द के प्रारम्भ में संयुक्तव्यञ्जन नहीं आते हैं। किन्तु इस नियम के निम्न अपवाद हैं :—

(अ) यदि शब्द के प्रारम्भ में ण्ह, म्ह या ल्ह हो अथवा व्यञ्जन + र हो।

(आ) यदि संयुक्तव्यञ्जन समस्तपद के द्वितीयपद के आदि में हो।

उदाहरण—क्षत्रियः = खत्तिओ, ध्वजः = धओ, स्पन्दनम् = फंदणं, त्यागी = चाई।

अपवाद—(अ) स्नानम् = ण्हाणं, स्मः = म्हो, ह्लसति = ल्हसइ, ह्रदः = द्रहो।

आ) महिषस्कन्धः = महिसक्खन्धो।

२. शब्द के मध्य में आनेवाले संयुक्तव्यञ्जनों में प्रायः समानीकरण की प्रवृत्ति पाई जाती है किन्तु निम्न संयुक्तव्यञ्जन इसके अपवाद हैं :—

(अ) वह व्यञ्जन जिसमें उस व्यञ्जन के वर्ग का हकार-युक्त व्यञ्जन मिला हो।

(आ) संयुक्त ध्वनियाँ ण्ह, म्ह, ल्ह।

(इ) व्यञ्जन + र।

(ई) अनुनासिक + व्यञ्जन जो कि अनुनासिक के ही वर्ग का हो।

उदाहरण—वाक्पतिराजः = वप्पइराओ, उल्का = उक्का।

---

१. देखिए पि. प्रा. पारा नं. २६८।

२. देखिए पि. प्रा. पारा नं. २६९।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

अपवाद :—(अ) मध्यम् = मज्भं, तुच्छम् = चुच्छं, छुच्छं ।

(आ) कृष्ण: = कण्हो, अस्मादृश: = अम्हारिसो, प्रह्लाद: = पल्हाओ ।

(इ) वोद्रहो (देशी शब्द) = तरूण, युवा ।

(ई) मकरन्द: = मअरन्दो, मञ्जूषा = मञ्जूसा ।

३. समानीकरण का नियम :—

संयुक्तव्यञ्जनों में प्राय: एक व्यञ्जन दूसरे व्यञ्जन के अनुरूप हो जाता है। इसकी व्यवस्था बलाबल की दृष्टि से होती है। समानबलवाले संयुक्तव्यञ्जनों में प्रथमव्यञ्जन द्वितीय-व्यञ्जन के अनुरूप हो जाता है। असमानबलवाले संयुक्त व्यञ्जनों में हीनबलवाला व्यञ्जन अधिकबलवाले व्यञ्जनका रूप धारण कर लेता है।

बल की दृष्टि से व्यञ्जनों का क्रम :—

(अ) वर्ग के प्रथम ४ वर्ण

(आ) अनुनासिक वर्ण

(इ) ल, स, व, य, र (क्रमश:)

३. १ *व्यञ्जन + व्यञ्जन*

बलात्कार: = बलक्कारो, उत्पलम् = उप्पलं, प्राग्भार: = पब्भारो, उद्घातम् = उग्घातं ।

---

३. देखिए Woolner's Introduction To Prakrit Page—17(33)

(प्रस्तुत अध्याय में ३·१ से ३·१२ तक व्यञ्जन पद से वर्ग के प्रथम चार वर्ण तथा अनुनासिक पद से पञ्चम वर्ण अभिप्रेत हैं)

३. १ (अ) क-ग-ट-ड-त-द-प-श ष-स - ≍ क - ≍ पामुर्ध्वं लुक् ॥८।२।७७।हे०॥
यदि संयुक्तव्यञ्जनों में प्रथम व्यञ्जन सूत्रोक्त व्यञ्जनों में से हो तो उसका लोप हो जाता है।

(ब) अनादौ शेषादेशयोर्द्वित्वम् ॥८।२।८९।हे०॥
पद के अनादि में वर्तमान शेष व्यञ्जन तथा आदेश को द्वित्व होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

३. २ *व्यञ्जन + अनुनासिक*

बलहीन अनुनासिक बलयुक्त व्यञ्जन के अनुरूप हो जाता है। अग्निः = अग्गी, युग्मम् = जुग्गं, प्रयत्नः = पयत्तो।

३. ३ *व्यञ्जन + य*

बलहीन य बलयुक्त व्यञ्जन के रूप में बदल जाता है। चाणक्यः = चाणक्को, कुप्यति = कुप्पइ, अभ्यर्थनम् = अब्भत्थणं।

३. ४ *दन्त्यवर्ण + य*

दन्त्यवर्ण के साथ य आने पर दन्त्यवर्ण तालव्यवर्ण में बदल जाता है। तत्पश्चात् य उसके अनुरूप हो जाता है। अत्यन्तम् = अच्चन्तं, नेपथ्यम् = णेवच्छं, अद्य = अज्ज, मध्यम् = मज्झं।

(स) द्वितीयतुर्ययोरुपरि पूर्वः ॥८।२।९०।है०॥

यदि संयुक्तव्यञ्जन का द्वितीयव्यञ्जन वर्ग का द्वितीय या चतुर्थ व्यञ्जन हो तो प्रथमव्यञ्जन को क्रमशः द्वितीयव्यञ्जन के वर्ग का प्रथम या तृतीय व्यञ्जन हो जाता है।

(तुलना कीजिए पि. प्रा. पारा नं. १८९ तथा २७०)

३. २ देखिए पि. प्रा. पारा नं. २७६, २७७।

३. ३ जब अन्तिम ध्वनि या शेष वर्ण अथवा अनुनासिक अर्धस्वर से टकराते हैं तो, जब तक उनके बीच में अंश-स्वर न आए, नियम यह है कि अर्धस्वर शब्द में मिला लिया जाता है। (पि. प्रा. पारा नं. २७९)

३. ४ (अ) (१) त्यथ्यद्यां चछजाः ॥३।२७।वर०॥

त्य, थ्य, द्य को क्रमशः च छ ज होते हैं।

(२) ध्यह्योर्झः ॥३।२८।वर०॥

ध्य तथा ह्य को झ होता है।

(ब) देखिए पि. प्रा. पारा नं. २८०।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

३.५ *दन्त्यवर्ण + व*

दन्त्यवर्ण के साथ व आने पर प्रायः व दन्त्यवर्ण के समान हो जाता है किन्तु कभी-कभी पहले दन्त्यवर्ण तालव्यवर्ण बन जाता है, तत्पश्चात् व उसके अनुरूप हो जाता है।

चत्वारि = चत्तारि, जम्बुद्वीपः = जम्बुद्दीवो, ऊर्ध्वम् = उद्धं। चत्वरम् = चच्चरं, पृथ्वी = पिच्छी, विद्वान् = विज्जं, बुद्ध्वा = बुज्झा।

३.६ *व्यञ्जन + र, ल, व*

बलहीन र, ल, व बलयुक्त व्यञ्जन में बदल जाते हैं।

विक्रमः = विक्कमो, रात्रिः = रत्ती, विक्लवः = विक्कवो, पक्वम् = पक्कं, ध्वजः = धओ।

३.७ *अनुनासिक + व्यञ्जन*

यदि पहला अनुनासिक द्वितीय व्यञ्जन के वर्ग का हो तो प्रायः उनमें कोई परिवर्तन नहीं होता है।

लाञ्छनम् = लञ्छणं, कण्ठः = कण्ठो, बन्धः = बन्धो।

३.८ *अनुनासिक + अनुनासिक*

यदि भिन्न वर्गों के अनुनासिक आपस में मिलें तो म के पूर्व आने वाले ङ् और ण् को अनुस्वार हो जाता है। न्म को म्म तथा म्न को ण्ण हो जाता है।

पराङ्मुखः = परंमुहो, षण्मुखः = छंमुहो, उन्मुखः = उम्मुहो, निम्नगा = णिण्णआ।

३.५ (अ) देखिए पि. प्रा. पारा नं. २९८, २९९

(आ) त्व-थ्व द्व-ध्वां च-छ-ज-झाः क्वचित् ॥८।२।१५।है०॥

कहीं कहीं त्व, थ्व, द्व, ध्व को क्रमशः च, छ, ज, झ होते हैं।

३.६ देखिए पि. प्रा. पारा नं. २८७, २९६, २९७।

३.७ देखिए पि. प्रा. पारा नं. २७२।

३.८ देखिए पि. प्रा. पारा नं. २७८।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

३. ९ *अनुनासिक + अन्तःस्थ*

बलहीन अन्तःस्थ बलयुक्त अनुनासिक के अनुरूप हो जाता है। हिरण्यं = हिरण्णं, कन्या = कण्णा, मन्ये = मण्णे अन्वेषणम् = अण्णेसणं।

३. १० *र + दन्त्यवर्ण*—

यदि दन्त्यवर्ण के पूर्व र आवे तो वह दन्त्यवर्ण के साथ मिल जाता है, तत्पश्चात् वे बहुधा मूर्धन्यवर्ण हो जाते हैं।

चक्रवर्ती = चक्कवट्टी, अर्थः = अट्ठो, गर्दभः = गड्डहो, गद्दहो, अर्धम् = अड्ढं, अद्धं।

३. ११ *श, ष, स + व्यञ्जन*

(१) श्च, श्छ > च्छ, आश्चर्यम् = अच्छरिअं, निश्छिद्रम् = णिच्छिड्डं।

(२) ष्क, ष्ख > क्ख, शुष्कम् = सुक्खं सुक्कं, पुष्करिणी = पोक्खरिणी।

(३) ष्ट, ष्ठ > ट्ठ, दृष्टिः = दिट्ठी, सुष्ठु = सुट्ठु।

(४) ष्प, ष्फ > प्फ, पुष्पम् = पुप्फं, निष्फलम् = णिप्फलं।

---

३. ९ देखिए पि. प्रा. पारा नं. २८२।

३. १० जिस वर्णसमूह में र (रेफ रूप में) व्यञ्जन से पहले आता हो उसमें दन्त्यवर्णों के स्थान पर बहुधा मूर्धन्यवर्ण आ जाते हैं। यह ध्वनि-परिवर्तन विशेषतः अ० माग० में होता है। (देखिए पि. प्रा. पारा नं. २८९)

३. ११ (क) (१) श्चत्सप्सां छः ॥३।४०।वर०॥

श्च, त्स, प्स को छ हो जाता है।

(२) ष्कस्कक्षां खः ॥३।२९।वरः॥

ष्क, स्क, क्ष को ख होता है।

(३) ष्टस्य ठः ॥३।१०।वर०॥

ष्ट के स्थान पर ठ होता है।

(४) ष्पस्य फः ॥३।३९।वर०॥

ष्प को फ होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

(५) स्क, स्ख> क्ख, अवस्कन्दः = अवक्खन्दो, प्रस्खलन्ती = पक्खलन्ती ।

(६) स्त, स्थ> त्थ, अस्ति = अत्थि, अवस्था = अवत्था ।

(७) स्प, स्फ> प्फ, प्रतिस्पर्धीः = पडिप्फद्धी आस्फालनं = अप्फालणं ।

३. १२ श, ष, स + अनुनासिक

यदि संयुक्त व्यञ्जन में श, ष, स के बाद अनुनासिक आवें तो श, ष, स को ह हो जाता है तथा वर्णों के क्रम में परिवर्तन हो जाता है ।

ग्रीष्मः = गिम्हो, अस्मादृशः = अम्हारिसो, स्नानम् = ण्हाणं, प्रश्नः = पण्हो ।

---

(५) देखिए ३. ११ (क), (२) ।

(६) स्तस्य थः ॥३।१२।व़र०॥

स्त के स्थान पर थ होता है ।

(७) स्पस्य सर्वत्र स्थितस्य ॥३।३६।व़र०॥

सर्वत्र स्प को फ होता है ।

(ख) देखिए पि० प्रा० पारा नं० ३०१, ३०२, ३०३, ३०५, ३०६, ३०७ तथा ३११ ।

(ग) यदि संयुक्तव्यञ्जन में प्रथम व्यञ्जन श, ष या स हो तथा द्वितीय व्यञ्जन वर्ग के प्रथम दो वर्णों में से कोई हो तो श, ष या स द्वितीय व्यञ्जन का रूप धारण कर लेता है तथा द्वितीय व्यञ्जन हकारयुक्त हो जाता है ।

(तुलना कीजिए—Woolner's Introduction To Prakrit Page 18 (38))

३. १२ (अ) पक्ष्म-श्म-ष्म-स्म-ह्मां म्हः ॥८।२।७४।हे०॥

पक्ष्म स्थित क्ष्म एवं श्म आदि संयुक्त व्यञ्जनों को म्ह होता है ।

(ब) सूक्ष्म-श्न-ष्ण-स्न-ह्न-ह्ण-क्ष्णां ण्हः ॥८।२।७५।हे०॥

सूत्रोक्त संयुक्तव्यञ्जनों को ण्ह होता है ।

(तुलना कीजिए पि. प्रा. पारा नं. ३१२)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

३. १३ *श, ष, स + अन्तःस्थ(ल को छोड़कर)*
श, ष, स के बाद अन्तःस्थ आने पर अन्तःस्थ पूर्ववर्ती व्यञ्जन का रूप धारण कर लेता है।

अश्वः = अस्सो, अवश्यम् = अवस्सं, मनुष्यः = मणुस्सो, सहस्रम् = सहस्सं।

४. *विसर्ग + क, ख, प, फ*
क, ख, प, फ के पूर्व आनेवाले विसर्ग को स हो जाता है। तत्पश्चात् पूर्वोक्त नियमों के आधार पर उसमें परिवर्तन होता है। अन्तःकरणम् = अन्तक्करणं, दुःखम् = दुक्खं, अन्तःपातः = अन्तप्पाओ।

५. *ह् + न-ण, ल, म, य = ण्ह, ल्ह, म्ह, य्ह (क्रमशः)*
वह्निः = वण्ही पूर्वाह्णः + = पुव्वण्हो, प्रह्लादः = पल्हाओ, ब्राह्मणः = बम्हणो, गुह्यम् = गुय्हं।

६. *विशिष्ट संयुक्तव्यञ्जन*

(१) क्ष > क्ख, च्छ, ज्झ।
मक्षिका = मक्खिआ, मच्छिआ ; लक्षणम् = लक्खणं, अक्षिम् = अच्छि, प्रक्षीणम् = पज्झीणं।

(२) क्म > प्प ; ड्म > म्प।
रुक्मिणी = रुप्पिणी, कुड्मलम् = कुम्पलं।

---

३. १३ देखिए पि. प्रा. पारा नं. ३१९।

४ देखिए पि. प्रा. पारा नं ३२९।

५ (अ) ह्नह्लह्मेषु नलमां स्थितिरूर्ध्वम् ॥३।८।वर०॥
सूत्रोक्त संयुक्त व्यञ्जनों में क्रमशः न ल म पूर्व में आ जाते हैं।

(आ) ह्ये ह्योः ॥८।२।१२४।हे०॥
ह्य को यह हो जाता है।

६ (१) क्षः खः क्वचित्तु छ-झौ ॥८।२।३।हे०॥
क्ष को ख होता है, कहीं कहीं पर छ तथा झ भी होते हैं।

(२) ड्म-क्मोः ॥८।२।५२।हे०॥
ड्म, क्म को क्रमशः म्प, प्प होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

(३) ज्ञ>ण (शब्द के प्रारम्भ में), ण्ण (शब्द के मध्य में)।
ज्ञानम् = णाणं, विज्ञानम् = विण्णाणं।

(४) त्म>प्प, आत्मा = अप्पा, अत्ता।

(५) त्र>हि, ह, त्थ ; कुत्र = कहि, कह, कत्थ ; यत्र = जहि, जह, जत्थ।

(६) प्स, त्स>च्छ, अप्सरा = अच्छरा, उत्साहः = उच्छाहो।

(७) द्य, य्य, र्य>ज्ज, मद्यम् = मज्जं, शय्या = सेज्जा, भार्या = भज्जा।

(८) र्ष, ष्प>ह, वाष्पः = वाहो, कार्षापणः = काहावणो।

७. स्वरभक्ति

संयुक्तव्यञ्जन में यदि एक व्यञ्जन य, र, ल, अथवा अनुनासिक हो तो उन्हें स्वर के द्वारा विभक्त कर दिया

---

(३) म्नज्ञोर्णः ॥८।२।३२।हे०॥
सूत्रोक्त संयुक्तव्यञ्जनों को ण हो जाता है।
(देखिए पि. प्रा. पा नं. २७६)

(४) भस्मात्मनोः पो वा ॥८।२।५१।हे०॥
सूत्रोक्त शब्दों के संयुक्तव्यञ्जनों को विकल्प से प होता है।

(५) त्रपो हि-ह-त्थाः ॥८।२।१६१।हे०॥
त्रप प्रत्यय को हि, ह त्थ होते हैं।

(६) ह्रस्वात् थ्य-श्च-त्स-प्सामनिश्चले ॥८।२।२१।हे०॥
ह्रस्व से परे थ्य श्च त्स प्स को छ होता है किन्तु निश्चल में नहीं होता है।

(७) द्य-य्य-र्यां जः ॥८।२।२४।हे०॥
द्य, य्य, र्य को ज होता है।

(८) (अ) बाष्पेऽश्रुणि हः ॥३।३८।वर०॥
अश्रुवाचक बाष्प शब्द के ष्प को ह होता है।
(ब) कार्षापणे ॥३।३९।वर०॥
कार्षापण के र्ष को ह होता है।

७ (क) क्लिष्टश्लिष्टरत्नक्रियाशार्ङ्गेषु तत्स्वरवत्पूर्वस्य ॥३।६०।वर०॥
सूत्रोक्त शब्दों में संयुक्तव्यञ्जन, तद्गत स्वर से विभक्त होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

जाता है। विभक्त करने वाला स्वर कभी अ, कभी इ तथा कभी उ रूप में मिलता है।

रत्नम् = रअणं, क्लिष्टम् = किलिट्ठं, पद्मम् = पउमं, कृष्णः = कसिणो, स्वप्नः = सिविणो, श्लाघा = सलाहा, स्नेहः = सणेहो, तन्वी = तणुई।

(ख) कृष्णे वा ॥३।६१।वर०॥

कृष्ण शब्द गत संयुक्त व्यञ्जन अ से विभक्त होता है।

(ग) इः श्रीह्रीक्रीतक्लान्तक्लेशम्लानस्वप्नस्पर्शहर्षार्हगर्हेषु ॥३।६३।वर०॥

सूत्रोक्त शब्दों के संयुक्तव्यञ्जन इ से विभक्त होते हैं।

(घ) अः क्ष्माश्लाघयोः ॥३।६३।वर०॥

क्ष्मा श्लाघा शब्दगत संयुक्त व्यञ्जन अ से विभक्त होते हैं।

(च) स्नेहे वा ॥३।६४।वर०॥

स्नेह शब्दगत संयुक्त व्यञ्जन अ से विकल्प से विभक्त होता है।

(छ) उः पद्मतन्वीसमेषु ॥३।६५।वर०॥

पद्म तथा तन्वी शब्दगत संयुक्त व्यञ्जन उ से विभक्त होते हैं।

(ज) ज्यायामीत् ॥३।६६।वर०॥

ज्या शब्दगत संयुक्त व्यञ्जन ई से विभक्त होता है।

(देखिए Woolner's Introduction To Prakrit Page—23 (57) तथा पि. प्रा. पारा नं. १३०)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

चौथा अध्याय
सन्धि-प्रकरण

प्राकृत में सन्धि-व्यवस्था वैकल्पिक है, नित्य नहीं। सन्धि के दो भेद हैं—१. स्वर-सन्धि २. व्यञ्जन-सन्धि।

स्वर-सन्धि

१. अकार, इकार या उकार के बाद सवर्ण-स्वर आने पर उनके स्थान पर सवर्ण दीर्घ हो जाता है।

मगह+अहिवई = मगहाहिवई, मगह अहिवई (मगधाधिपतिः)।
विसम + आयवो = विसमायवो, विसम आयवो (विषमातपः)।
मुणि + ईसरो = मुणीसरो, मुणि ईसरो (मुनीश्वरः)।

भाणु + उवज्झायो = भाणूवज्झायो, भाणु उवज्झायो (भानूपाध्यायः)।

२. समस्तपद में प्रथमपद के अन्त में आनेवाले दीर्घ स्वर को कहीं नित्यरूप से तथा कहीं विकल्प से ह्रस्व होता है, तथा ह्रस्व स्वर को दीर्घ।

अन्त + वेई = अन्ता-वेई, (अन्तर्वेदिः) सत्त + वीसा = सत्तावीसा, (सप्तविंशतिः) पई-हरं, पइ-हरं (पतिगृहम्)।

३. यदि अ या आ के बाद सरलव्यञ्जन से पूर्ववर्ती इकार या उकार हो तो उन्हें ए या ओ हो जाता है।

वास + इसी = वासेसी, वास इसी (व्यासर्षिः), दिण + ईसो = दिणेसो, दिण ईसो (दिनेशः), गूढ़ + उअरं = गूढोअरं,

---

१. देखिए पि. प्रा. पारा नं. १४८।

२. दीर्घ-ह्रस्वौ मिथो वृत्तौ ॥८।१।४।हे०॥
समस्तपद में स्वरों को दीर्घ ह्रस्व बहुलता से होते हैं।

३. देखिए पि. प्रा. पारा नं. १४९।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

गूढ उअरं (गृढोदरम्), सास + ऊसासा = सासोसासा, सास ऊसासा (श्वासोच्छ्वासः), रामा + इअरो = रामेअरो, रामा इअरो (रामेतरः) ।

४. यदि अ या आ के बाद संयुक्तव्यञ्जन से पूर्ववर्ती इकार या उकार हो, तो उनको ए या ओ न होकर अ या आ का लोप हो जाता है ।

गज + इंदो = गइंदो (गजेन्द्रः), कण्ण + उप्पलं = कण्णुप्पलं (कर्णोत्पलम्), महा + ऊसवो = महूसवो (महोत्सवः) ।

५. यदि प्रथमपद के अन्त में अ हो तथा द्वितीयपद के आरम्भ में असमान उद्वृत्तस्वर हो तो कहीं-कहीं उनमें से अ का लोप हो जाता है ।

राअ + उलं = राउलं, राअउलं, (राजकुलम्) वाअ + उत्तो = वाउत्तो, वाअउत्तो (वातपुत्रः) ।

६. यदि मौलिक या उद्वृत्त अ या आ के बाद मूल ए या ओ आवे तो अ या आ का लोप हो जाता है ।

गाम + एणी = गामेणी (देशीशब्द), उदअ + ओल्लं = उदओल्लं, (उदकार्द्रम), मट्टिआ + ओलित्तं = मट्टिओलित्तं (मृत्तिकावलिप्तम्) ।

---

४. देखिए पि. प्रा. पारा नं १९० ।
तुलना कीजिए—
लुक् ॥८।१।१०।हे०॥
स्वर का स्वर परे रहते प्रायः लोप होता है ।

५. देखिए पि. प्रा. पारा नं १६० ।
उद्वृत्त स्वर—
व्यञ्जनसंपृक्तः स्वरो व्यञ्जने लुप्ते योऽत्रशिष्यते स उद्वृत्त इहोच्यते —
हे० सूत्र ८।१।८ की वृत्ति ।

६. देखिए पि. प्रा. पारा नं. १९३ ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

स्वरसन्धि-निषेध

७. इ, ई और उ, ऊ के बाद कोई भी विजातीय स्वर आवे तो उनमें सन्धि नहीं होती है।

वि + अ = विअ (इव), सु+अलंकियं = सुअलंकियं (स्वलङ्कृतम्), वहु + अवऊढो = वहुअवऊढो (वधूपगूढः)।

८. ए तथा ओ के बाद स्वरवर्ण होने पर उनमें सन्धि नहीं होती है।

वणे+अडइ = वणे अडइ (वनेऽटति), अहो+अच्छरिअं = अहो अच्छरिअं (अहो-आश्चर्यम्), देवीए + एत्थ = देवीए एत्थ (देव्या अत्र), एओ+एत्थ = एओ एत्थ (एकोऽत्र)।

९. स्वर के बाद उद्वृत्त स्वर होने पर सन्धि नहीं होती है।

निसा+अरो = निसाअरो (निशाचरः), रयणी + अरो = रयणीअरो (रजनीचरः)।

१०. क्रियापद के स्वर के बाद स्वर आने पर सन्धि नहीं होती है।

होइ + इह = होइ इह (भवतीह)।

अव्ययस्वर-सन्धि

११. पद के बाद आने वाले अपि शब्द के अ का विकल्प से लोप हो जाता है। अवशिष्ट पि यदि स्वर से परे हो तो उसे वि हो जाता है।

केण + अपि = केण वि, केणावि (केनापि)।

किं + अपि = किं पि, किमवि (किमपि)।

---

७. न युवर्णस्यास्वे ॥८।१।६।हे०॥
इवर्ण उवर्ण से असमान स्वर परे रहते सन्धि नहीं होती है।

८. एदोतोः स्वरे ॥८।१।७।हे०॥
एकार ओकार से परे स्वर होने पर सन्धि नहीं होती है।

९. स्वरस्योद्वृत्ते ॥८।१।८।हे०॥
स्वर से परे उद्वृत्त स्वर होने पर सन्धि नहीं होती है।

१०. त्यादेः ॥८।१।९।हे०॥
तिप् आदि के स्वर से परे स्वर होने पर सन्धि नहीं होती है।

११. पदादपेर्वा ॥८।१।४१।हे०॥
पद से परे अपि शब्द के अ का विकल्प से लोप होता है।
(ध्वनिबल की हीनता के प्रभाव से अव्यय बहुधा आरम्भ के स्वर का लोप कर देते हैं। स्वर के बाद अपि का शेष पि वि में परिणत हो जाता है। पि. प्रा. पारा नं. १३९)।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

१२. पद के बाद आने वाले इति के आदि इ का लोप हो जाता है तथा अवशिष्ट ति यदि स्वर से परे हो तो उसे त्ति हो जाता है।

किं + इति = किं ति (किमिति), न जुत्तं + इति = न जुत्तं ति (न युक्तमिति), तहा + इति = तह त्ति (तथेति)।

१३. त्यदादि से परे अव्यय या अव्यय से परे त्यदादि होने पर द्वितीय पद के आदिस्वर का विकल्प से लोप होता है।

अम्हे + एत्थ = अम्हेत्थ, अम्हे एत्थ (वयमत्र)।

जइ + इमा = जइमा, जइ इमा (यदीयम्)।

व्यञ्जनसन्धि

१. संस्कृत अः को ओ हो जाता है।

अग्रतः = अग्गओ, पुरतः = पुरओ, पुनः = पुणो।

२. पद के अन्त में आनेवाले म् को अनुस्वार हो जाता है किन्तु म् के बाद स्वर आने पर म् को अनुस्वार विकल्प से होता है।

गिरिम् = गिरिं, जलम् = जलं, फलम् = फलं।

उसभम् + अजिअं = उसभं अजिअं, उसभमजिअं (ऋषभमजितम्) ; यम् + आहु = यं आहु, यमाहु (यमाहु)।

---

१२. इतः स्वरात् तश्च द्विः ॥८।१।४२।हे०॥
पद से परे इति के इ का लोप होता है। तथा स्वर से परे तकार को द्वित्व होता है।

१३. त्यदाद्यव्ययात् तत्स्वरस्य लुक् ॥८।१।४०।हे०॥
त्यदादि या अव्यय से परे अव्यय या त्यदादि होने पर अव्यय या त्यदादि के आदि स्वर का विकल्प से लोप होता है।

१. मौलिक अर् से निकला अः सभी प्राकृत बोलियों में अधिकांश स्थलों पर ओ बन जाता है। देखिए पि. प्रा. पारा नं० ३४२।

२. (अ) मोनुस्वारः ॥८।१।२३॥हे०॥
अन्त्य मकार को अनुस्वार हो जाता है।
(ब) वा स्वरे मश्च ॥८।१।२४।हे०॥
स्वर परे रहते अन्त्य मकार को विकल्प से अनुस्वार होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

३. हलन्त अन्त्यव्यञ्जन को भी बहुधा मकार होकर अनुस्वार हो जाता है।

साक्षात् = सक्खं, यत् = जं, तत् = तं।

४. ङ्, ञ्, ण्, न् को व्यञ्जन परे रहते अनुस्वार हो जाता है।

पराङ्मुखः = परंमुहो, कञ्चुकः = कंचुओ, षण्मुखः = छंमुहो, सन्ध्या = संझा।

५. अनुस्वार के बाद कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग तथा पवर्ग के अक्षर होने पर अनुस्वार को विकल्प से क्रमशः ङ्, ञ्, ण्, न्, एवं म् होते हैं।

पं + को = पङ्को, पंको, लं + छणं = लञ्छणं, लंछणं,
सं + ढो = सण्ढो, संढो; चं + दो = चन्दो, चंदो;
आरं + भो = आरम्भो, आरंभो।

६. वक्रादि शब्दों के प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्वर के अन्त में अनुस्वार आगम के रूप में होता है।

वक्रम् = वंकं, मनस्वी = मणंसी, उपरि = अवरिं (उवरिं)।

---

३. बहुलाधिकाराद् अन्यस्यापि व्यञ्जनस्य मकारः ॥८।१।२४।हे०॥ सूत्र की वृत्ति ॥

४. ङ-ञ-ण-नो व्यञ्जने ॥८।१।२५।हे०॥

ङ, ञ, ण, न—इनके स्थान पर व्यञ्जन परे रहते अनुस्वार होता है।
(तुलना कीजिए पि प्रा पारा नं. २७२)

५. वर्गेऽन्त्यो वा ॥८।१।३०।हे०॥

वर्ग के वर्ण परे रहते अनुस्वार को उसी वर्ग का अन्तिम वर्ण विकल्प से हो जाता है।

६. वक्रादावन्तः ॥८।१।२६।हे०॥

वक्रादि शब्दों में प्रयोगानुसार प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्वरों पर आगम के रूप में अनुस्वार होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

७. क्त्वा तथा स्यादि प्रत्ययों के ण तथा सु के आगे विकल्प से अनुस्वार का आगम होता है।

क्त्वा = काऊणं, काऊण; कालेन = कालेणं, कालेण; जिनानाम् = जिणाणं, जिणाण; वीरेषु = वीरेसुं, वीरेसु।

८. विंशति आदि शब्दों के अनुस्वार का लोप होता है।

विंशतिः = वीसा, त्रिंशत् = तीसा।

९. मांस आदि शब्दों के अनुस्वार का विकल्प से लोप होता है।

मांसम् = मासं, मंसं, सिंहः = सीहो, सिंघो।

१०. जब स्वरादिपदों की द्विरुक्ति हो तो उनके बीच में विकल्प से म् का आगम होता है।

एकैकम् = एक्कमेक्कं, अङ्गे अङ्गे = अङ्गमङ्गम्मि, पक्षे एक्केक्कमित्यादि।

---

७. क्त्वा-स्यादेर्णं-स्वोर्वा ॥८।१।२७।हे०॥

क्त्वा तथा स्यादि के ण तथा सु विकल्प से अनुस्वारान्त होते हैं।

८. विंशत्यादेर्लुक् ॥८।१।२८।हे०॥

९. मांसादेर्वा ॥८।१।२९।हे०॥

मांसादि शब्दों के अनुस्वार को विकल्प से लोप होता है।

१०. वीप्स्यात्स्यादेर्वीप्स्ये स्वरे मो वा ॥८।३।१।हे०॥

वीप्सार्थक पद से परे स्यादि (स्वादि) प्रत्यय के स्थान पर स्वरादि वीप्सार्थक पद परे रहते विकल्प से म् होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पाँचवाँ अध्याय

अव्यय

प्रायः प्राकृत-अव्यय संस्कृत-अव्यय से स्वर-व्यञ्जन-परिवर्तन द्वारा बनते हैं। जैसे अति = अइ, अन्यथा = अण्णहा, सदा = सइ। प्रमुख प्राकृत-अव्ययों की सूची सूचक अर्थों के साथ इस प्रकार है :—

अइ (अयि)—सम्भावना, आमन्त्रण
" (अति)—सामर्थ्य, अतिशय
अण (अन्)—निषेध, प्रतिषेध
अप्पणो (आत्मनः)—स्वयं
अम्मो (?)—आश्चर्य
अरे (अरे)—सम्भाषण, रतिकलह
अलाहि (अलंहि)—निवारण, पर्याप्त
अवि (अपि)—प्रश्न, अवधारण, समुच्चय, सम्भावना, विलाप
अव्वो—सूचना, दुःख, सम्भाषण, अपराध, विस्मय, आनन्द, भय, खेद, विषाद, पश्चाताप
आम (ओम्)—स्वीकृति प्रकाशक
इ (इ)—पादपूरक
इर (किल)—सम्भावना, निश्चय, हेतु, वार्ताप्रसिद्ध अर्थ, अरुचि, असत्य, सन्देह
इहरा (इतरथा)—अन्यथा
उअ (उत)—विकल्प, वितर्क, प्रश्न, समुच्चय, अतिशय, देखो
उज्ज (दे०)—सरल, ऋजु
ऊ (दे०)—गर्हा, आक्षेप (प्रस्तुत वाक्य के विपरीत अर्थ की आशंका से उसे उलटना) विस्मय, सूचना
एक्कसरिअं (दे०)—शीघ्र, तुरन्त
ओ (ओ)—वितर्क, प्रकोप, सूचना, पश्चाताप, सम्बोधन, पादपूरक
किर (किल)—इर के समान
किणो (किमिति)—क्यों
खु (खलु)—निश्चय, सन्देह, वितर्क, विस्मय, सम्भावना।
चिअ (एव)—अवधारण
चेअ (एव)—अवधारण
च्च (एव)—अवधारण
जाहे (यदा)—जिस समय
जे—पादपूरक, अवधारण
जेण (येन)—लक्षणार्थक
णइ—निश्चय, निषेध
णवर / णवरं—केवल, अनन्तर
णवरं (न परम)—विशेष
णवरि / णवरिअ (दे०)—केवल, अनन्तर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

णवि—वैपरीत्य, निषेध
णाइं (नैव)—प्रतिषेध
तं (तत्)—कारण, वाक्य उपन्यास
ताहे (तदा)—उस समय
तेण (तेन)—लक्षण सूचक
थू—निन्दा, तिरस्कार
दर (दे०)—अर्ध, आधा: ईषत्
दु (दुर्)—अभाव, दुष्टता, निन्दा
दे—संमुखीकरण, सखी को आमन्त्रण
पाडिक्कं
पाडिएक्कं } (प्रत्येक)—हर एक
पिव (अपि+इव)—सादृश्य
पुणरुत्तं—बारम्बार, कृतकरण
बले—निश्चय, निर्धारण
मणे
मण्णे } (मन्ये)—विमर्श
माइं (माऽति)—नहीं
मामि - सखी के आमन्त्रण में
मिव - इव
मोरउल्ला—व्यर्थ, मुधा
र—पादपूरक
रे (रे)—परिहास, रतिकलह, सम्भाषण, आक्षेप, तिरस्कार
व—इव
वणे—निश्चय, विकल्प, अनुकम्पा, सम्भावना
विअ (इव, एव)—इव, अवधारण
विव—इव
वेअ (एव)—अवधारण
वेव्व (दे०)—आमन्त्रण
वेव्वे (दे०)—भय, वारण, विषाद, आमन्त्रण
व्व—इव
सू—निन्दासूचक
हरे (अरे)—आक्षेप, सम्भाषण, रतिकलह
हला (हला)—सखि के आमन्त्रण में
हले (हले)— " "
हद्धि (हा धिक्)—खेद, अनुताप
हन्द—'ग्रहण करो' अर्थ में
हन्दि— " विषाद, विकल्प, पश्चात्ताप, निश्चय, सत्य संबोधन, उपदर्शन
हिर—किल
हु (खलु)—निश्चय, वितर्क, संशय, संभावना, विस्मय, किन्तु, अपि, वाक्य की शोभा।
हुं (हुम्)—दान, प्रश्न, निवारण, निर्धारण, स्वीकार, हुंकार, अनादर।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

छठवाँ अध्याय

शब्दरूप

प्राकृत में शब्द रूपों की प्रमुख विशेषताएँ[1] —

(१) प्राकृत में व्यञ्जनान्तशब्द नहीं होते हैं। वे अन्तिम व्यञ्जन के लुप्त होने पर उससे पूर्व आने वाले स्वर की रूपावली में सम्मिलित कर लिए जाते हैं। जैसे राजन् = राय, प्रेमन् = पेम्म।

(२) लिंग की सर्वत्र रक्षा नहीं की गई है। कुछ अंश तक लिंग परिवर्तन शब्द के अन्तिम वर्ण पर निर्भर होता है। जैसे तमः (न०) = तमो (पुं.)।

(३) संस्कृत की भाँति तीन वचन न होकर दो ही होते हैं, द्विवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग होता है। जैसे वृक्षौ = वच्छा।

(४) चतुर्थी विभक्ति का स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं है अपितु उसका अन्तर्भाव षष्ठी विभक्ति में होता है।[2] जैसे—दारकाय = दारअस्स।

अकारान्त पुल्लिँङ्ग शब्द

विभक्तिप्रत्यय-परिवर्तन

विभक्ति	एकवचन		बहुवचन	
	संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत
प्रथमा	सि (सु)	डो (ओ)[3]	जस्	लोप[4]

१. देखिए पि. प्रा. पारा नं. ३६५, ३६६, ३६० ।

२. चतुर्थ्याः षष्ठी ॥८।३।१३१।हे०॥
चतुर्थी के स्थान पर षष्ठी होती है।

३. अतः सेर्डोः ॥८।३।२।हे०॥
अकारान्त शब्द से परे सि (सु) आदि प्रत्यय के सि (सु) को डो (ओ) होता है।

४. जस्-शसोर्लुक् ॥८।३।४।हे०॥
अकारान्त शब्द से परे जस् तथा शस् का लोप होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

द्वितीया	अम्	म्[१]	शस्	लोप
तृतीया	टा	ण, णं[२]	भिस्	हि, हिँ, हिं[३]
चतुर्थी	—	—	—	—
पञ्चमी	ङसि	त्तो,दो(ओ),दु(उ) हि,हिन्तो,लोप[४]	भ्यस्	त्तो,दो(ओ),दु(उ) हि,हिन्तो,सुन्तो[५]
षष्ठी	ङस्	स्स[६]	आम्	ण, णं
सप्तमी	ङि	डे(ए), म्मि[७]	सुप्	सु, सुं
सम्बोधन	सु	ओ, लोप[८]	जस्	लोप[९]

---

१. अमोस्य ॥८।३।५।हे०॥
अ से परे अम् के अकार का लोप होता है।

२. टा-आमोर्णः ॥८।३।६।हे०॥
अकारान्त शब्द से परे टा तथा षष्ठी के बहुवचन के आम् को ण होता है। (ण के ऊपर विकल्प से अनुस्वार के लिए देखिए व्यञ्जन-सन्धि ७)

३. भिसो हि हिँ हिं॥८।३।७।हे०॥
अ से परे भिस् के स्थान पर केवल, सानुनासिक तथा सानुस्वार हि होता है

४. ङसेस् त्तो-दो-दु-हि-हिन्तो-लुकः । ८।३।८।हे०॥
अ से परे ङसि को त्तो, दो, दु, हि, हिन्तो, लोप ये ६ आदेश होते हैं। (दो तथा दु में दकार ग्रहण भाषान्तर (शौरसेनी, मागधी) के उपयोग के लिए किया गया है। हे० सूत्र ८।३।८ की वृत्ति ।)

५. भ्यसस् त्तो-दो दु-हि-हिन्तो-सुन्तो ॥८।३।९।हे०॥
अ से परे भ्यस् के स्थान में त्तो, दो, दु, हि, हिन्तो, सुन्तो ये आदेश होते हैं।

६. ङसः स्सः ॥८।३।१०।हे०॥
अ से परे ङस् के स्थान पर स्स होता है।

७. डे म्मि ङेः ॥८।३।११।हे०,
अ से परे ङि को डित् एकार तथा म्मि होता है।

८. देखिए पि. प्रा. पारा नं ३६६ (ब)।

९. देखिए पि. प्रा. पारा नं. ३७२ ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

वच्छ (वृक्ष) शब्द के रूप

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	वच्छो	वच्छा[1]
द्वितीया	वच्छं	वच्छे,[2] वच्छा
तृतीया	वच्छेण, वच्छेणं	वच्छेहि, वच्छेहिँ, वच्छेहिं[3]
चतुर्थी	——	——
पञ्चमी	वच्छा, वच्छत्तो,[4] वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि, वच्छाहिन्तो	वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि,[5] वच्छेहि, वच्छाहिन्तो, वच्छेहिन्तो, वच्छासुन्तो, वच[illegible]ुन्तो
षष्ठी	वच्छस्स	वच्छाण, वच्छाणं
सप्तमी	वच्छे, वच्छम्मि	वच्छेसु, वच्छेसुं
सम्बोधन	वच्छ, वच्छा, वच्छो	वच्छा

---

१. जस्-शस्-ङसि-त्तो-दो-द्वामि दीर्घः ॥८।३।१२।हे०॥

सूत्रोक्त प्रत्ययों के परे रहते अ को दीर्घ होता है।

२. टाण-शस्येत् ॥८।३।१४।हे०॥

टा के आदेश ण तथा शस् परे रहते अ को एकार होता है।

३. भिस्भ्यस्सुपि ॥८।३।१५।हे०॥

भिस्, भ्यस्, सुप् परे रहते अ को ए होता है।

४. दीर्घ स्वर को संयुक्तव्यञ्जन से पूर्ववर्त्ती होने से ह्रस्व—देखिए पृ० २ टि० ७

५. भ्यसि वा ॥८।३।१३।हे०॥

भ्यस् को होनेवाले आदेश परे रहते अ को विकल्प से दीर्घ होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

इकारान्त एवं उकारान्त पुल्लिङ्ग-शब्द

विभक्तिप्रत्यय-परिवर्तन

विभक्ति	एकवचन संस्कृत	एकवचन प्राकृत	बहुवचन संस्कृत	बहुवचन प्राकृत
प्रथमा	सि(सु)	लोप	जस्	अउ, अओ[1] णो[2] लोप, अवो[3] (केवल उकारान्त शब्द के लिए)
द्वितीया	अम्	म्	शस्	णो, लोप
तृतीया	टा	णा[4]	भिस्	हि, हिँ, हिं
पञ्चमी	ङसि	णो,[5] त्तो, दो (ओ) दु(उ)हिन्तो	भ्यस्	त्तो, दो(ओ), दु(उ), हिन्तो, सुन्तो
षष्ठी	ङस्	णो, स्स	आम्	ण, णं
सप्तमी	ङि	म्मि	सुप्	सु, सुं
सम्बोधन	सि(सु)	लोप	जस्	अउ, अओ, णो, लोप

---

१. पुंसि जसो डउ डओ वा ॥८।३।२०।हे०॥
इ, उ से परे जस् को पुं० में डित् अउ तथा अओ आदेश होते हैं।

२. जस्-शसोर्णो वा ॥८।३।२२ हे०॥
इ, उ से परे जस् शस् को पुं० में विकल्प से णो आदेश होता है।

३. वोतो डवो ॥८।३ २१।हे०॥
उदन्त से परे जस् को पुं० में विकल्प से डित् अवो आदेश होता है।

४. टो णा ॥८।३।२४।हे०॥
पुं० तथा नपुं० में इ उ से परे टा को णा होता है।

५. ङसि-ङसोः पुं-क्लीबे वा ॥८।३।२३ हे०॥
पुं० तथा नपुं० में वर्तमान इ, उ से परे ङसि, ङस् को विकल्प से णो होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

गिरि शब्द के रूप

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	गिरी[१]	गिरी, गिरिणो, गिरउ,-ओ
द्वितीया	गिरिं	गिरी,[२] गिरिणो
तृतीया	गिरिणा	गिरीहि,-हिँ,-हिं[३]
पञ्चमी	गिरिणो,-त्तो, गिरीओ,-उ,-हिन्तो	गिरित्तो, गिरीउ,-ओ,-हिन्तो,-सुन्तो
षष्ठी	गिरिणो,-स्स	गिरीण,-णं
सप्तमी	गिरिम्मि	गिरीसु,-सुं
सम्बोधन	गिरि, गिरी[४]	गिरी, गिरिणो, गिरउ,-ओ

तरु शब्द के रूप

प०	तरू	तरू, तरुणो, तरउ,-ओ,-वो
द्वि०	तरुं	तरू, तरुणो
तृ०	तरुणा	तरूहि,-हिँ,-हिं
प०	तरुणो,-त्तो, तरूउ,-ओ,-हिन्तो	तरुत्तो, तरूउ,-ओ,-हिन्तो,-सुन्तो
ष०	तरुणो,-स्स	तरूण,-णं
स०	तरुम्मि	तरूसु,-सुं
सम्बो०	तरु, तरू	तरू, तरुणो, तरउ,-ओ,-वो

---

१. अक्लीबे सौ ॥८।३।१९।हे०॥
नपुं० को छोड़कर सि (सु) परे रहते इ, उ को दीर्घ होता है।

२. लुप्ते शसि ॥८।३।१८।हे०॥
शस् का लोप होने पर इ, उ को दीर्घ होता है।

३. इदुतो दीर्घः ॥८।३।१६ हे०॥
इकार, उकार को भिस्, भ्यस्, सुप् परे रहते दीर्घ होता है।

४. ईदूतोर्ह्रस्वः ॥८।३।४२।हे०॥
सम्बोधन में ईकारान्त तथा ऊकारान्त शब्द को ह्रस्व होता है।
उदाहरण —हे गामणि, हे वहु।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ऋकारान्त पुल्लिँङ्ग शब्द

ऋकारान्त पुल्लिँग शब्द दो भागों में विभक्त किए जाते हैं—१. विशेष्यवाचक २. विशेषणवाचक। प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के एकवचन को छोड़कर दोनों प्रकार के शब्दों के अन्तिम ऋ को विकल्प से उ हो जाता है तथा उनकी रूपावली तरु शब्द की भांति होती है।[1] विकल्पाभाव में विशेष्यवाचक तथा विशेषणवाचक शब्दों के अन्तिम ऋ को क्रमशः अर तथा आर हो जाता है तथा उनकी रूपावली वच्छ शब्द के समान होती है।[2]

पिउ, पिअर (पितृ) शब्द के रूप

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्र०	पिआ[3], पिअरो	पिअरा, पिऊ, पिउणो, पिअउ,-ओ,-वो
द्वि०	पिअरं	पिअरा,-रे, पिउणो, पिऊ
तृ०	पिअरेण,-णं, पिउणा	पिअरेहि,-हिँ,-हिं, पिऊहि,-हिँ,-हिं
प०	पिअरत्तो, पिअरा,-उ,-ओ,-हि,-हिन्तो, पिउत्तो, पिउणो, पिऊउ,-ओ,-हिन्तो	पिअरत्तो, पिअराउ,-ओ,-हि,-हिन्तो,-सुन्तो, पिअरेहि,-हिन्तो,-सुन्तो, पिउत्तो, पिऊउ,-ओ,-हिन्तो,-सुन्तो
ष०	पिअरस्स, पिउणो,-स्स	पिअराण,-णं, पिऊण,-णं

१. ऋतामुदस्यमौसु वा ॥८।३।४४।हे०॥
सि (सु), अम्, औ को छोड़कर सि (सु) आदि प्रत्यय परे रहते ऋकारान्त शब्दों को विकल्प से उकारान्त हो जाता है।

२. (अ) आरः स्यादौ ॥८।३।४५।हे०॥
सि (सु) आदि परे रहते ऋ को आर आदेश होता है।
(ब) नाम्न्यरः ८।३।४७।हे०॥
संज्ञावाची ऋदन्त शब्दों के ऋ को सि (सु) आदि परे रहते अर आदेश होता है।

३. आ सौ न वा ॥८।३।४८।हे०॥
ऋदन्त को सि (सु) परे रहते विकल्प से आ होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

स०	पिअरे,-पिअरम्मि, पिउम्मि	पिअरेसु,-सुं, पिऊसु,-सुं
सम्बो०	पिअ[1], पिअरं	पिअरा, पिऊ, पिउणो, पिअउ,-ओ,-वो

दाउ, दायार (दातृ) शब्द के रूप तरु तथा वच्छ शब्द के समान होते हैं। प्रथमा विभक्ति के एकवचन में पिआ की भांति दाया तथा सम्बोधन के एक वचन में पिअ की भांति दाय रूप होते हैं।

आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द

विभक्ति प्रत्यय परिवर्तन

विभक्ति	एकवचन		बहुवचन	
	संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत
प्र०	सि (सु)	लोप	जस्	उ, ओ;[2] लोप
द्वि०	अम्	म्	शस्	उ, ओ, लोप
तृ०	टा	अ, इ, ए;[3]	भिस्	हि, हिँ, हिं
पं०	ङसि	अ,इ,ए,त्तो,ओ उ, हिन्तो	भ्यस्	त्तो,ओ,उ,हिन्तो,सुन्तो

---

१. ऋतोद्वा।८।३।३९।हे०।।
सम्बोधन में सि (सु) परे रहते ऋकारान्त शब्द के अन्त स्वर को अ होता है।

२. स्त्रियामुदोतौ वा। ८ ३।२७।हे०।।
स्त्रीलिंग में वर्तमान संज्ञा शब्दों से परे जस्-शस् के स्थान पर विकल्प से उ एवं ओ तथा पूर्व स्वर को दीर्घ हो जाता है।

३. (अ) टा-ङस्-ङेरदादिदेद्वा तु ङसेः।८।३।२९ हे०।।
स्त्रीलिंग में शब्द से परे टा, ङस्, ङि के स्थान पर अ, आ, इ तथा ए होते हैं। ङसि को ये आदेश होने के साथ पूर्व स्वर को दीर्घ विकल्प से होता है।

(ब) नात आत्।८।३।३० हे०।।
स्त्रीलिंग में वर्तमान आकारान्त शब्द से परे टा, ङस्, ङि, ङसि को आ आदेश नहीं होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ष०	ङस्	अ, इ, ए	आम्	ण, णं
स०	ङि	अ, इ, ए	सुप्	सु, सुं
सम्बो०	सि (सु)	लोप	जस्	उ, ओ, लोप

माला शब्द के रूप

विभक्ति	एक वचन	बहुवचन
प्र०	माला	माला, मालाउ,-ओ
द्वि०	माल[1]	,, ,, ,,
तृ०	मालाअ,-इ -ए	मालाहि,-हिँ,-हिं
प०	मालत्तो, मालाअ,-इ,-ए,-ओ,-उ,-हिन्तो	मालत्तो, मालाउ,-ओ,-हिन्तो,-सुन्तो
ष०	मालाअ,-इ,-ए	मालाण,-णं
स०	,, ,, ,,	मालासु, सुं
सम्बो०	माले[2], माला	माला,-उ,-ओ

इकारान्त तथा उकारान्त स्त्रीलिंग शब्द

बुद्धि शब्द के रूप

वि०	एक वचन	बहुवचन
प्र०	बुद्धी	बुद्धी, बुद्धीउ,-ओ
द्वि०	बुद्धिं	,, ,, ,,
तृ०	बुद्धीअ,-आ,-इ,-ए	बुद्धीहि,-हिँ,-हिं
प०	बुद्धित्तो, बुद्धीअ,-आ,-इ,-ए,-ओ,-उ,-हिन्तो	बुद्धित्तो, बुद्धीओ,-उ,-हिन्तो, बुद्धीसुन्तो
ष०	बुद्धीअ,-आ -इ -ए	बुद्धीण,-णं
स०	,, ,,	बुद्धीसु,-सुं
सम्बो०	बुद्धि, बुद्धी	बुद्धी, बुद्धीउ,-ओ

---

१. ह्रस्वोमि ॥८।३।३६।हे० ॥
स्त्रीलिंग संज्ञा शब्द के अन्तिम स्वर को अम् परे रहते ह्रस्व होता है।

२. वाप ए ॥८।३।४१।हे०॥
सम्बोधन में सि (सु) परे रहते विकल्प से आ को एत्व होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ईकारान्त, उकारान्त तथा ऊकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के रूप बुद्धि शब्द की भाँति होते हैं। किन्तु ईकारान्त शब्दों के प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के सि (सु), जस् तथा शस् के स्थान पर विकल्प से आ भी होता है; जैसे—गोरीआ।[1]

ऋकारान्त स्त्रीलिंग शब्द

मातृ आदि स्त्रीलिंग शब्दों के ऋकार को सि (सु) आदि परे रहते आ आदेश होता है। तत्पश्चात् रूपावली माला शब्द के समान होती है। माआ का अर्थ माता होता है। देवी के अर्थ में मातृ शब्द के ऋ को अरा आदेश होता है। माअरा = देवी।

नपुंसकलिंग शब्द

विभक्तिप्रत्यय-परिवर्तन

विभक्ति	एकवचन		बहुवचन	
	संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत
प्र०	सि (सु)	म्[2]	जस्	णि, इँ, इं[3]
द्वि०	अम्	म्	शस्	" "
सम्बो०	सि (सु)	लोप[4]	जस्	" "

शेष विभक्तियों में प्रत्यय-परिवर्तन पुं० शब्द के प्रत्यय-परिवर्तन की भांति होते हैं।

---

१. ईतः सेश्चा वा ॥८।३।२८।हे०॥

ईकारान्त (स्त्री०) शब्द से परे सि (सु) जस् तथा शस् को विकल्प से आ आदेश होता है।

२. क्लीबे स्वरान्म् सेः ॥८।३।२५।हे०॥

नपुं० स्वरान्त शब्द से परे सि (सु) को म होता है।

३. जस्-शस इँ-इं-णयः सप्राग्दीर्घाः ॥८।३।२६।हे०॥

नपुं० शब्द से परे जस् तथा शस् को इ, इं तथा णि आदेश होते हैं तथा उससे पूर्व स्वर को दीर्घ होता है।

४. नामन्त्र्यात्सौ मः ॥८।३।३७।हे०॥

नपुं० में सम्बोधन अर्थ में सि (सु) विभक्ति प्रत्यय को म् नहीं होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

वण (वन) शब्द के रूप

विभक्ति	एक वचन	बहुवचन
प्र०	वणं	वणाणि, वणाइँ, वणाइं
द्वि०	”	” ” ”
सम्बो०	वण	” ” ”

शेष रूप वच्छ शब्द के समान होते हैं।

दहि (दधि) शब्द के रूप

प्र०	दहिं	दहीणि,-इँ,-इं
द्वि०	”	” ” ”
सम्बो०	दहि	” ” ”

शेष रूप गिरि शब्द के समान होते हैं।

महु (मधु) शब्द के रूप

प्र०	महुं	महूणि,-इँ,-इं
द्वि०	”	” ” ”
सम्बो०	महु	” ” ”

शेष रूप तरु शब्द के समान होते हैं।

राय (राजन्) शब्द के रूप

प्र०	राया	राया,-णो, राइणो
द्वि०	रायं, राइणं	राए, राया,-णो, राइणो
तृ०	राइणा, रण्णा, रायेण,-णं	रायेहि,-हिँ,-हिं, राईहि,-हिँ,-हिं
पं०	रण्णो, राइणो, रायत्तो, रायाउ,-ओ,-हिन्तो	रायत्तो, रायाउ,-ओ,-हिन्तो,-सुन्तो राइन्तो, राईउ,-ओ,-हिन्तो,-सुन्तो
ष०	रण्णो, राइणो, रायस्स	राईण,-णं, रायाण,-णं
स०	राये, रायम्मि, राइम्मि	राईसु,-सुं, रायेसु,-सुं
सम्बो०	राया, राय	राया,-णो, राइणो

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

सर्वनाम शब्द[1]

सव्व (सर्व) शब्द के रूप

प्र०	सव्वो	सव्वे
द्वि०	सव्वं	सव्वे, सव्वा
तृ०	सव्वेण,-णं	सव्वेहि,-हिँ,-हिं
प०	सव्वत्तो, सव्वा,-उ,-ओ,-हि,-हिन्तो	सव्वत्तो, सव्वाउ,-ओ, हि,-हिन्तो, सुन्तो, सव्वेहिन्तो,-सुन्तो
ष०	सव्वस्स	सव्वेसिं, सव्वाण,-णं
स०	सव्वस्सिं,-म्मि,-हिं,-त्थ	सव्वेसु,-सुं

सव्वा शब्द के रूप माला शब्द के समान होते हैं केवल षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में सव्वेसिं रूप भी होता है। सव्व (नपुं०) शब्द के रूप प्रथमा द्वितीया विभक्ति में वण शब्द की भांति होते हैं शेष सव्व (पुं०) शब्द के समान होते हैं।

ज (यद्) शब्द के रूप

यद् = ज (पुल्लिँङ्ग)

प्र०	जो	जे
द्वि०	जं	जे, जा
तृ०	जेण,-णं, जिणा	जेहि,-हिँ,-हिं
प०	जम्हा, जत्तो, जा,-ओ,-उ,-हि,-हिन्तो	जत्तो,-जाओ,-उ,-हि,-हिन्तो,-सुन्तो, जेहि,-हिन्तो,-सुन्तो
ष०	जस्स, जास	जेसिं, जाण,-णं
स०	जाहे, जाला, जइआ, जहिं,-म्मि,-स्सिं,-त्थ	जेसु,-सुं

---

१. सर्वनाम शब्दों की विस्तृत रूपावलि के लिए देखिए हेमचन्द्र कृत एवं डॉ. पी. एल. वैद्य द्वारा सम्पादित प्राकृत-व्याकरण ८।३।५८ सूत्र से ८।३।११७ सूत्र तक।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

यद् = जी, जा (स्त्रीलिंग)

प्र०	जा	जी,-उ,-आ,-ओ, जा,-उ,-ओ
द्वि०	जं	" "
तृ०	जीअ,-आ,-इ,-ए, जाअ,-इ,-ए,	जीहि,-हिँ,-हिं, जाहि,-हिँ,-हिं,
प०	जित्तो, जीश्र,-श्रा,-इ,-ए-, श्रो,-उ,-हिन्तो, जा,-श्र,-इ,-ए, जम्हा, जत्तो, जाओ,-उ,-हिन्तो,	जत्तो, जाओ,-उ,-हिन्तो,-सुन्तो, जित्तो, जीओ,-उ,-हिन्तो,-सुन्तो,
ष०	जिस्सा, जीसे, जीअ-आ, इ,-ए, जाअ,-इ,-ए,	जेसिं, जाण,-णं
स०	जीअ,-आ,-इ,-ए, जाअ,-इ,-ए,	जीसु,-सुं, जासु,-सुं

यद् = ज (नपुंसकलिंग)

प्र०	जं	जाणि,-इँ,-इं
द्वि०	"	"

शेष रूप पुल्लिँङ्ग शब्द के समान होते हैं।

तीनों लिङ्गों में समान—**युष्मद्** शब्द के रूप

प्र०	तुं तुमं, तुवं, तुह	तुम्हे, तुम्ह
द्वि०	"	" वो
तृ०	तए, तुमे	तुम्हेहिं, तुज्झेहिं
प०	तुमाओ, तुमाहिंतो, तुज्झ	तुम्हत्तो, तुज्झत्तो
ष०	तुव, तुह, ते, तुज्झ, तुम्ह	तुम्हाण-णं
स०	तुमे, तुमम्मि, तुहम्मि	तुमसु, तुम्हेसु, तुम्हासु

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तीनों लिङ्गों समान-अस्मद् शब्द के रूप

प्र०	अहं, हं	अम्हे
द्वि०	ममं, मं	अम्हे
तृ०	मइ, मए	अम्हेहि
प०	ममत्तो, ममाओ, मज्झत्तो	अम्हत्तो, अम्हाहिन्तो, ममाहिन्तो
ष०	अम्ह, मज्झ, मम,	अम्हाण,-णं, ममाण,-णं
स०	अम्हम्मि	अम्हेसु, अम्हासु, ममसु

संख्या-शब्द

प्राकृत बोलियों में एक के लिए प्रायः एक्क का प्रयोग होता है। स्त्रीलिंग में एक्का रूप है। इनकी रूपावली क्रमशः सव्व तथा सव्वा की भाँति होती है। द्वि, त्रि, चतुर, पञ्चन्, षष्, सप्तन् आदि को प्राकृत के तीनों लिङ्गों में क्रमशः दु, ति, चउ, पंच, छ, सत्त आदि हो जाते हैं। इनके रूप बहुवचन में ही चलते हैं।

	दु (द्वि) शब्द के रूप	ति (त्रि) शब्द के रूप
प्र०, द्वि०	दुवे, दोण्णि	तिण्णि
तृ०	दोहि,-हिँ,-हिं	तीहि,-हिँ,-हिं
प०	दुत्तो, दोओ,-उ,-हिन्तो,-सुन्तो	तित्तो, तीओ,-उ,-हिन्तो,-सुन्तो
ष०	दोण्हं, दुण्हं	तिण्ह, तिण्हं
स०	दोसु,-सुं	तीसु,-सुं

	चउ (चतुर्) शब्द के रूप	पंच (पञ्चन) शब्द के रूप
प्र०, द्वि०	चत्तारो, चउरो, चत्तारि	पंच
तृ०	चऊहि,-हिँ,-हिं	पंचेहि,-हिँ,-हिं
प०	चउत्तो, चऊओ.. आदि	पंचत्तो, पंचाओ...आदि
ष०	चउण्ह,-हं	पंचण्ह,-हं
स०	चऊसु,-सुं	पंचसु,-सुं

इसी प्रकार अन्य संख्यावाचक शब्दों के रूप होते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

सातवाँ अध्याय

धातुरूप

प्राकृत धातुरूपों की प्रमुख विशेषताएँ[1]—

१—शब्दरूपों की भाँति द्विवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग।
हसतः = हसन्ति, अनुभवतः = अणुहोंति।

२—अ विकरण जोड़कर व्यञ्जनान्त धातु का स्वरान्त धातु में परिवर्तन।
हस् = हस, भण् = भण।

३—भ्वादिगण के धातुरूपों की ओर अन्य गणों के धातुरूपों का झुकाव।
तनोति = तणइ, रूष्यति = रूसइ।

४—प्रायः परस्मैपद का प्रयोग।
लप्स्यते = लहिस्सइ, सहे = सहेमि गम्यते = गच्छीअदि आदि।

५—काल की दृष्टि से वर्तमान काल (लट् लकार) भूतकाल (लिट् आदि), भविष्यत् काल (लट्) तथा अन्य तीन प्रकारों—आज्ञार्थक (लोट्), विध्यर्थक (विधि लिङ्) एवं क्रियातिपत्ति (लृङ्)—में धातुरूपावली दृष्टिगोचर होती है। आज्ञार्थक एवं विध्यर्थक रूपावलि प्रायः समान होती हैं।

६—भूत काल के लिए प्रायः सहायक क्रियाओं के साथ कृदन्त रूपों को व्यवहार में लाया जाता है।
जैसे—वहन्तो आसि।

---

१. देखिए पि० प्रा० पारा नं० ४५२ एवं Introduction To Prakrit Page 42(113)

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

कर्तृवाच्य

वर्तमानकाल

धातु-प्रत्यय

पुरुष	एकवचन		बहुवचन	
	संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत
प्रथम	तिप्, त	इ, ए[1]	झि, झ	न्ति, न्ते, इरे[2]
मध्यम	सिप्, थास्	सि, से[3]	थ, ध्वम्	इत्था, ह[4]
उत्तम	मिप्, इट्	मि[5]	मस्, महिङ्	मो, मु, म[6]

हस धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	हसइ, हसए	हसन्ति, हसन्ते, हसिरे
मध्यम ,,	हससि, हससे	हसित्था, हसह
उत्तम ,,	हसामि,[7] हसमि	हसिमो,-मु,-म, हसामो,-मु,-म,[8] हसमो,-मु,-म

---

१. त्यादीनामाद्यत्रयस्याद्यस्येचेचौ ।।८।३।१३९।हे०।।
त्यादि विभक्तियों के आदि त्रय (प्रथम पुरुष) के आदि (एकचवन) के प्रत्यय (तिप् , त) के स्थान में इच् (इ) एच् (ए) होते हैं।

२. बहुष्वाद्यस्य न्ति न्ते इरे ।।८।३।१४२।हे०।।
प्रथम पुरुष बहुवचन (झि, झ) को न्ति, न्ते, इरे होते हैं।

३. द्वितीयस्य सि से ।।८।३।१४०।हे०।।
मध्यम पुरुष के एकवचन (सिप् , थास्) को सि, से होते हैं।

४. मध्यमस्येत्था-हचौ ।।८।३।१४३।हे०।।
मध्यमपुरुष बहुवचन (थ, ध्वम्) को इत्था, ह होते हैं।

५. तृतीयस्य मिः ।।८।३।१४१ हे०।।
उत्तमपुरुष के एकवचन (मिप् , इट्) को मि होता है।

६. तृतीयस्य मो-मु-माः ।।८।३।१४४।हे०।
उत्तमपुरुष के बहुवचन (मस् , महिङ्) को मो, मु, म होते हैं।

७. मौ वा ।।८।४।१५४।हे०।।
अदन्त धातु के अ को मि परे रहते विकल्प से आ होता है।

८. इच्च मो-मु-मे वा ।।८।३।१५५।हे०।
अदन्त धातु के अ को मो-मु-म परे रहते विकल्प से इ तथा आ होते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अदन्त धातु के अकार को वर्तमान काल परे रहते विकल्प से एकार होता है। तब हसेइ, हसेसि आदि रूप होते हैं।[1]

हो (भू) धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	होइ[2]	होन्ति, होन्ते, होइरे
मध्यम पु०	होसि	होइत्था, होह
उत्तम „	होमि	होमो,-मु,-म

भूतकाल

धातु प्रत्यय

सी ही हीअ (केवल स्वरान्त धातु को)[3]

ईअ (केवल व्यञ्जनान्त धातु को)[4]

हो (भू) धातु के रूप

प्रथम पुरुष एक वचन—होसी, होही तथा होहीअ।

---

१. वर्तमाना-पञ्चमी-शतृषु वा ॥८।३।१५८।हे०॥
वर्तमानकाल, पञ्चमी विभक्ति तथा शतृ प्रत्यय परे रहते अ को विकल्प से ए होता है।

२. अत एवैच् से ॥८।३।१४५।हे०॥
अकारान्त धातु से परे ही एच् तथा से आदेश होते हैं।

३. सी ही हीअ भूतार्थस्य ॥८।३।१६२।हे०॥
स्वरान्त धातुओं से भूतार्थ में विहित प्रत्यय को सी, ही, हीअ आदेश होते हैं।

४. (अ) व्यञ्जनादीअः ॥८।३।१६३।हे०॥
व्यञ्जनान्त धातुओं से भूतार्थ में विहित प्रत्यय को ईअ आदेश होता है।
(ब) उक्त प्रत्यय प्रथमपुरुष एक वचन के प्रतीत होते हैं क्योंकि हमें साहित्य में प्रथमपुरुष बहुवचन के लिए इंसु, अंसु प्रत्यय पाते हैं। जैसे गच्छिसु, गच्छंसु। देखिए डॉ. पी. एल वैद्य द्वारा सम्पादित हेमचन्द्र कृत प्राकृत-व्याकरण की टिप्पणी पृ. २४।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

हस धातु के रूप

प्रथम पुरुष एक वचन—हसीअ।

भविष्यत्काल

धातु-प्रत्यय

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
प्रथम	हिइ,[1] हिए	हिन्ति, हिन्ते, हिइरे
मध्यम	हिसि, हिसे	हित्था, हिह
उत्तम	स्सं[2], स्सामि[3], हामि हिमि	स्सामो,-मु,-म, हामो,-मु,-म, हिमो,-मु,-म हिस्सा, हित्था[4]

हस् धातु के रूप

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
प्रथम	हसिहिइ,[5]-ए,	हसिहिन्ति,-न्ते,-रे
मध्यम	हसिहिसि,-से	हसिहित्था,-ह,
उत्तम	हसिस्सं, हसिस्सामि हसिहामि, हसिहिमि	हसिस्सामो,-मु, म,-हसिहामो,-मु,-म, हसिहिमो,-मु,-म, हसिहित्था,-स्सा

---

१. भविष्यति हिरादिः ॥८।३।१६६।हे०॥
भविष्यत् अर्थं में विहित प्रत्यय के पूर्व हि का प्रयोग होता है।

२. मेः स्सं ॥८ ३।१६९।हे०॥
धातु से परे भविष्यत् काल में आदेश मि के स्थान पर विकल्प से स्सं का प्रयोग होता है।

३. मि-मो-मु-मे स्सा हा न वा। ८।३।१६७।हे०॥
भविष्यत् अर्थं में मि, मो, मु, म परे रहते उनके पूर्वं स्सा तथा हा विकल्प से होते हैं।

४. मो मु-मानां हिस्सा हित्था ॥८।३।१६८।हे०॥
भविष्यत् काल में धातु से परे मो, मु, म को विकल्प से हिस्सा, हित्था-आदेश होते हैं।

५. एच्च क्त्वा-तुम्-तव्य-भविष्यत्सु ॥८।३।१५७।हे०॥
क्त्वा, तुम्, तव्य तथा भविष्यत् काल में विहित प्रत्यय परे रहते अ को इ तथा ए होते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पक्ष में हस के सकारवर्ती अ को ए हो जाता है और फिर रूप हसेहिइ, हसेहिसि, इस तरह चलते हैं।

हो (भू) धातु के रूप

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
प्रथम पु०	होहिइ	होहिन्ति, होहिन्ते, होहिरे
मध्यम पु०	होहिसि	होहित्था, होहिह
उत्तम पु०	होस्सं, होस्सामि होहामि, होहिमि	होस्सामो,-मु,-म, होहामो,-मु,-म, होहिमो,-मु,-म, होहिस्सा, होहित्था

विध्यर्थक तथा आज्ञार्थक

धातु प्रत्यय

पुरुष	एकवचन	बहुवचन
प्रथम	उ[1]	न्तु[2]
मध्यम	लुक्, सु, इज्जसु, इज्जहि, इज्जे[3]; हि[4]	ह
उत्तम	मु	मो

१. दु सु मु विध्यादिष्वेकस्मिंस्त्रयाणाम् ॥८।३।१७३।हे०॥
विध्यादि अर्थ में तीनों पुरुषों के एकवचन के प्रत्ययों को क्रमशः दु सु मु होते हैं।

२. बहुषु न्तु ह मो ॥८ ३।१७६।हे०॥
विध्यादि अर्थ में तीनों पुरुषों के बहुवचन के प्रत्ययों को क्रमशः न्तु, ह, मो, होते हैं।

३. अत इज्जस्विज्जहीज्जे-लुको वा ॥८।३।१७५।हे०॥
अ से परे सु को विकल्प से इजसु, इजहि, इज्जे होते हैं अथवा सु का लोप होता है।

४. सोर्हिर्वा ॥८।३ १७४।हे०।
पूर्वसूत्रविहित सु को विकल्प से हि होता है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

हस धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमपु०	हसउ	हसन्तु
मध्यम पु०	हस, हससु, हसहि हसेज्जसु, हसेज्जहि, हसेज्जे	हसह
उत्तम पु०	हसामु, हसिमु, हसमु	हसामो, हसमो, हसिमो

पक्ष में सर्व पुरुष सर्व वचन में—हसेज्ज हसेज्जा।[1]

हो (भू) धातु के रूप

	एक वचन	बहुवचन
प्रथम पु०	होउ	होन्तु
मध्यम पु०	होहि, होसु	होह
उत्तम पु०	होमु	होमो

क्रियातिपत्ति

धातु-प्रत्यय

सभी पुरुषों तथा सभी वचनों में—ज्ज, ज्जा, न्त, माण[2]

हस धातु के रूप

सभी पुरुषों तथा सभी वचनों में—हसेज्ज, हसेज्जा, हसन्तो, हसमाणो।

---

१. वर्तमाना-भविष्यन्त्योश्च ज्ज ज्जा वा ८।३।१७७।हे०।।
वर्तमान, भविष्यत् तथा विध्यादि अर्थ में विहित प्रत्ययों को ज्ज तथा ज्जा होते हैं।

२. (अ) क्रियातिपत्तेः ८।३।१७९।हे०।।
क्रियातिपत्ति में प्रत्ययों को ज्ज, ज्जा होते हैं।

(ब) न्त माणौ ८।३।१८०।हे०।।
क्रियातिपत्ति में प्रत्ययों को न्त, माण आदेश होते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

हो (भू) धातु के रूप

सभी पुरुषों तथा वचनों में—होज्ज, होज्जा, होन्तो, होमाणो।

अनियमित-धातुरूप

अस धातु

वर्तमानकाल

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	अत्थि	अत्थि
म० पु०	अत्थि, सि	अत्थि
उ० पु०	अत्थि, म्हि	अत्थि, म्हो, म्ह,

भूतकाल

सभी पुरुषों तथा सभी वचनों में—आसि, अहेसि।

भविष्यत्काल विध्यर्थक तथा आज्ञार्थक

सभी पुरुषों तथा सभी वचनों में—अत्थि।

प्रेरणार्थक (णिजन्त) रूप

धातु से प्रेरणार्थक क्रिया रूप बनाने के लिए णि के स्थान पर अ, ए, आव, आवे—ये चार आदेश होते हैं। जैसे—हासइ, हासेइ, हसावइ, हसावेइ।

कर्म तथा भाववाच्य

वर्तमानकाल, भूतकाल, विध्यर्थक एवं आज्ञार्थक में कर्म तथा भाववाच्य रूपों के लिए तत् तद् धातु-प्रत्ययों के पूर्व ईअ तथा इज्ज प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे—हसीअइ, हसिज्जइ आदि। भविष्यत् काल एवं क्रियातिपत्ति में कर्म तथा भाव वाच्य के रूप कर्तृ वाच्य के समान होते हैं।

प्रेरणार्थक (णिजन्त) रूप

मूल धातु में आवि प्रत्यय जोड़ने या तद्गत अन्तिम अ को आ कर देने के बाद कर्म तथा भाववाच्य के प्रत्यय ईअ एवं इज्ज जोड़ने से प्रेरणार्थक कर्म तथा भाववाच्य के रूप बनते हैं।

जैसे—हसावीअइ, हसाविज्जइ, हासीअइ, हासिज्जइ आदि।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

आठवाँ अध्याय

कारक

प्राकृत में कारकसम्बन्धी नियम कुछ विशेषताओं को छोड़कर संस्कृत के समान हैं। विशेषताएँ निम्न हैं :—

(१) द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी तथा सप्तमी विभक्ति के स्थान पर कहीं-कहीं षष्ठी विभक्ति होती है।[१]
सीमाधरं वन्दे = सीमाधरस्स वन्दे।
धनेन लब्धः = धणस्स लद्धो।
चोराद्बिभेति = चोरस्स बीहइ।
पृष्ठे केशभारः = पिट्ठीए केसभारो।

(२) द्वितीया तथा तृतीया विभक्ति के स्थान पर कहीं-कहीं सप्तमी विभक्ति होती है।[२]
ग्रामं वसामि = गामे वसामि।
तैरलंकृता पृथ्वी = तेसु अलंकिआ पुहवी।

(३) पञ्चमी विभक्ति के समान पर कहीं-कहीं तृतीया तथा सप्तमी विभक्ति होती है।[३]
चोराद्बिभेति = चोरेण बीहइ।
अन्तःपुराद् रन्त्वागतो राजा = अन्तेउरे रमिउमागओ राया।

(४) सप्तमी विभक्ति के स्थान पर कहीं-कहीं द्वितीया विभक्ति होती है।[४]
विद्युदुद्योते स्मरति रात्रिम् = विज्जुज्जोयं भरइ रत्तिं।

(५) अर्धमागधी प्राकृत में सप्तमी विभक्ति की जगह तृतीया विभक्ति भी देखी जाती है।[५]
तस्मिन् काले तस्मिन् समये = तेणं कालेणं तेणं समएणं।

---

१. क्वचिद् द्वितीयादेः ॥८।३।१३४ हे०॥
२. द्वितीया-तृतीययोः सप्तमी ॥८।३।१३५ हे०॥
३. पञ्चम्यास्तृतीया च ।८।३।१३६ हे०॥
४. सप्तम्या द्वितीया ।८।३।१३७ हे०॥
५. आर्षे तृतीयापि दृश्यते (हे० सूत्र ८।३।१३७ की वृत्ति)।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

नवाँ अध्याय

समास

समास का प्राकृत वैयाकरणों ने अलग से कोई उल्लेख नहीं किया है। अतः समास की दृष्टि से प्राकृत में संस्कृत से कोई अन्तर नहीं है। यथा—

अव्ययीभाव-समास—

गुरुणो समीवं = उवगुरु (समीप अर्थ में)
जिणस्स पच्छा = अणुजिणं (पश्चात् अर्थ में)। आदि।

तत्पुरुष समास—

पुव्वं कायस्स = पुव्वकायो (प्रथमा तत्पुरुष)
भद्दं पत्तो = भद्दपत्तो (द्वितीया तत्पुरुष)
गुणेहिं संपन्नो = गुणसंपन्नो (तृतीया तत्पुरुष)
लोगस्स सुहो = लोगसुहो (चतुर्थी तत्पुरुष)
चोराओ भयं = चोरभयं (पञ्चमी तत्पुरुष)
देवस्स इन्दो = देविन्दो (षष्ठी तत्पुरुष)
कलासु कुसलो = कलाकुसलो (सप्तमी तत्पुरुष)
न विरई = अविरई (नञ्तत्पुरुष)। आदि।

कर्मधारय समास—

महन्तो सो वीरो = महावीरो (विशेषणपूर्वपद)
कुमारी अ सा गब्भिणी = कुमारगब्भिणी (विशेष्यपूर्वपद)
चंदो इव मुहं = चन्दमुहं (उपमानपूर्वपद)
मुहं चंदो व्व = मुहचन्दो (उपमानोत्तरपद)। आदि।

द्विगु समास—

नवण्हं तत्ताणं समाहारो = नवतत्तं (एकवद्भावी)
तिण्णि लोया = तिलोया (अनेकवद्भावी)

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

द्वन्द्व समास—

देवा अ देवीओ अ = देवदेवीओ (इतरेतरद्वन्द्व)
तवो अ संजमो अ एएसिं समाहारो = तवसंजमं (समाहारद्वन्द्व)
माआ य पिआ य त्ति = पिअरा (एकशेषद्वन्द्व)

बहुव्रीहि समास—

पीअं अंबर जस्स सो = पीअंवरो (समानाधिकरण)
णीलो कण्ठो जस्स सो = णीलकण्ठो (विशेषणपूर्वपद)
चन्दो इव मुहं जाए = चन्दमुही (उपमानपूर्वपद)
धुओ सव्वो किलेसो जस्स सो = धुअसव्वकिलेसो (बहुपद)
न अत्थि भयं जस्स सो = अभयो (नञ्)। आदि।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

दशवाँ अध्याय

कृत्प्रत्यय

वर्तमानकृदन्त

(१) संस्कृतप्रत्यय शतृ, शानच् के स्थान पर धातु में न्त, माण प्रत्यय जोड़ने पर वर्तमान कृदन्त के रूप बनते हैं।[1] स्त्रीलिङ्ग में न्त एवं माण के साथ ई प्रत्यय भी जुड़ता है।[2]

(२) न्त, माण तथा ई प्रत्यय के पूर्ववर्ती अ को विकल्प से ए हो जाता है।

कर्तृवाच्य वर्तमानकृदन्त—

पुं०	नपुं०	स्त्री०
	हस धातु	
हसन्तो, हसमाणो	हसन्तं, हसमाणं	हसन्ता,-न्ती, हसेन्ता,-न्ती, हसमाणा,-णी,
हसेन्तो, हसेमाणो	हसेन्तं, हसेमाणं	हसेमाणा,-णी, हसई, हसेई
	हो (भू) धातु	
होन्तो, होमाणो	होन्तं, होमाणं	होन्ता-न्ती, होमाणा,-णी, होई

कर्मवाच्य वर्तमानकृदन्त—

हसीअन्तो, हसीअमाणो	हसीअन्तं, हसीअमाणं	हसीअन्ता,-न्ती, हसीअमाणा,-णी

---

१. शत्रानशः ॥८।३।१८१ हे०।
शतृ तथा आनश् (शानच्) को न्त एवं माण आदेश होते हैं।

२. ई च स्त्रियाम् ॥८।३।१८२ हे०।
स्त्रीलिङ्ग में शतृ तथा आनश् (शानच्) को ई होता है। चकार से न्त एवं माण प्रत्यय भी होते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

हसिज्जन्तो, हसिज्जमाणो हसिज्जन्तं, हसिज्जमाणं हसिज्जन्ता,-न्ती,
हसिज्जमाणा,-णी,
हसीअई, हसिज्जई, आदि

कर्तृवाच्य प्रेरणार्थक वर्तमानकृदन्त—

हस धातु (पुं०)—हासन्तो, हासेन्तो; हासमाणो, हासेमाणो; हसावन्तो, हसावेन्तो; हसावमाणो, हसावेमाणो ।

कर्मवाच्य प्रेरणार्थक वर्तमानकृदन्त—

हस धातु (पुं०)—हासीअन्तो, हासीअमाणो; हासिज्जन्तो, हासिज्जमाणो; हसावीअन्तो, हसावीअमाणो, हसाविज्जन्तो, हसाविज्जमाणो ।

भूतकृदन्त

(१) संस्कृत क्त के स्थान पर प्राकृत में त, द और अ प्रत्यय जोड़ने से भूतकृदन्त के रूप बनते हैं ।

(२) त, द, अ प्रत्यय के पूर्ववर्ती अ को इ हो जाता है ।

कर्त्तृवाच्य भूतकृदन्त—

गम + त, द, अ = गमितो, गमिदो, गमिओ (गतः) ।

चल + त, द, अ = चलितो, चलिदो, चलिओ (चलितः) । आदि ।

कर्मवाच्य भूतकृदन्त—

कर + त, द, अ = करितो, करिदो, करिओ (कृतः) ।

पढ + त, द, अ = पढितो, पढिदो, पढिओ (पठितः) । आदि ।

प्रेरणार्थक (णिजन्त) भूतकृदन्त—

हस धातु (नपुं०)—हसावितं, हसाविदं, हसाविअं ;
हासितं, हासिदं, हासिअं (हासितम्) ।

संस्कृत सिद्ध शब्दों से निर्मित भूतकृदन्त—

गतम् = गअं
कृतम् = कडं
मृतम् = मडं
जितम् = जिअं
पिहितम् = पिहिअं
आदि ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

भविष्यत्कृदन्त

धातु में स्सन्त, स्समाण, स्सई प्रत्यय जोड़ने पर भविष्यत् कृदन्त के रूप बनते हैं।[1] स्सई प्रत्यय केवल स्त्रीलिङ्ग में जुडता है।

हस (पुं०)—हसिस्सन्तो, हसिस्समाणो (हसिष्यत्, हसिष्यमाणः)।

(स्त्री०)—हसिस्सई (हसिष्यन्ती) आदि।

हेत्वर्थककृदन्त

(१) संस्कृत तुम् प्रत्यय के स्थान पर धातु में तुं, दुं, उं तथा त्तए प्रत्यय लगाने पर हेत्वर्थ क कृदन्त के रूप बनते हैं। त्तए प्रत्यय का प्रयोग अर्धमागधी में सबसे ज्यादा होता है।[2]

(२) तुं, दुं, उं एवं त्तए प्रत्ययों के पूर्ववर्ती अ को इ तथा ए हो जाते हैं।
हस + तुं, दुं, उं = हसितुं, हसेतुं; हसिदुं, हसेदुं; हसिउं हसेउं (हसितुं)।
कर + त्तए = करेत्तए, करित्तए (कर्तुं)।

सम्बन्धसूचक-भूतकृदन्त

(१) संस्कृत क्त्वा और ल्यप् प्रत्यय के स्थान पर धातु में तुं, अ, तूण, तुआण, इत्ता, इत्ताण, आय, आए प्रत्यय लगाने पर सम्बन्ध-सूचक-भूतकृदन्त के रूप बनते हैं।[3]

(२) सम्बन्धसूचक-भूतकृदन्त के प्रत्ययों के ण पर विकल्प से अनुस्वार हो जाता है।

---

१. वर्तमानकालीन कृदन्त प्रत्ययों के पूर्व इस्स जोड़ने से भविष्यत्कालीन कृदन्त के प्रत्यय बनते हैं।

२. देखिए पि० प्रा० पारा नं० ५७८।

३. तुआण, इत्ता, इत्ताण, आय तथा आए प्रत्ययों का प्रयोग प्रायः अर्धमागधी में दृष्टिगोचर होता है। (देखिए पि. प्रा. पारा नं० ५८३-५९३)।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

(३) सम्बन्धसूचक-भूतकृदन्त के प्रत्ययों के पूर्ववर्ती अ को प्रयोगानुसार इ और ए आदेश होते हैं।

हस + तुं = हसिउं, हसेउं (हसित्वा)
हस + अ = हसिअ, हसेअ (हसित्वा)
हस + तूण = हसिऊण-णं, हसेऊण-णं (हसित्वा)
हस + तुआण = हसिउआण-णं, हसेउआण-णं (हसित्वा)
कर + इत्ता = करित्ता (कृत्वा)
कर + इत्ताण = करित्ताण, करित्ताणं (कृत्वा)
गह + आय = गहाय (गृहीत्वा)
आया + आए = आयाए (आदाय)

विध्यर्थककृदन्त

(१) धातु में तव्व, अणिज्ज तथा अणीअ प्रत्यय लगाने से विध्यर्थक-कृदन्त के रूप बनते हैं।

(२) संस्कृत के विध्यर्थक यत् प्रत्यय को प्राकृत में ज्ज हो जाता है।

(३) तव्व प्रत्यय के पूर्ववर्ती अ को इ तथा ए हो जाते हैं।

हस + तव्व = हसिअव्वं, हसेअव्वं; हसितव्वं, हसेतव्वं (हसितव्यम्)
हस + अणिज्ज, अणीअ = हसणिज्जं, हसणीअं (हसनीयम्)
कर + अणिज्ज, अणीअ = करणिज्जं, करणीअं (करणीयं)
कर + ज्ज = कज्जं (कार्यं)। इसी तरह वज्जं (वर्ज्यम्)।

कर्तृसूचक-कृदन्त

धातु में इर प्रत्यय लगाने पर कर्तृसूचक कृदन्त के रूप बनते हैं।

हस + इर = हसिरो (हसनशीलः पुरुषः)
हसिरा (हसनशीला स्त्री)
त्वर + इर = तुरिरो। इत्यादि।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

ग्यारहवाँ अध्याय

तद्धितप्रत्यय

अण्>*एच्चय*, योष्माकम् = तुम्हेच्चयं, आस्माकम् = अम्हेच्चयं।[1]

कन्>*अ*, चन्द्रकः = चंदओ, चन्दो ; बहुकम् = बहुअयं, बहुअं।[2]

इल्ल, पल्लवकः = पल्लविल्लो, पल्लवो।

उल्ल, पितृकः = पिउल्लो, पिआ, हस्तकः = हत्थुल्लो, हत्थो।

ल्लो, एकक: = एकल्लो, एक्को, नवकः = नवल्लो, नवो।[3]

कृत्वस्>*हुत्त*, शतकृत्वः = सयहुत्तं, सहस्रकृत्वः = सहस्सहुत्तं।[4]

ख>*इक*, सर्वाङ्गीणः = सव्वङ्गिओ।[5]

भवार्थक प्रत्यय>*इल्ल*, ग्रामीणम् = गामिल्लं, पौरी = पुरिल्ला[6]।

उल्ल, आत्मनि भवम् = अप्पुल्लं।

---

१. युष्मदस्मदोञ एच्चयः ॥८।२।१४९।हे०॥
युष्मद एवं अस्मद शब्द से इदमर्थक अ (अण्, पा०) को एच्चय होता है।

२. स्वार्थे कश्च वा ॥८।२।१६४।हे०॥
स्वार्थ में विकल्प से क तथा डित्, इल्ल, उल्ल प्रत्यय होते हैं।

३. ल्लो नवैकाद्वा ॥८।२।१६५।हे०॥
नव तथा एक शब्द को स्वार्थ में ल्लो विकल्प से होता है।

४. कृत्वसो हुत्तं ॥८।२।१५८।हें०॥
कृत्वस् (कृत्वसुच्) प्रत्यय को हुत्त आदेश होता है।

५. सर्वाङ्गादीनस्येकः ॥८।२।१५१।हे०॥
सर्वाङ्ग शब्द के ईन (ख) को इक होता है।

६. डिल्ल-डुल्लो भवे ॥८।२।१६३।हे०॥
भवार्थ में शब्द से परे डित् इल्ल उल्ल प्रत्यय होते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

छ>*णय*, आत्मीयम् = अप्पणयं ।[1]

केर, युष्मदीयः = तुम्हकेरो, अस्मदीयः = अम्हकेरो ।[2]

क्क, परकीयम् = पारक्कं, पारकेरं ।[3]

इक्क, राजकीयम् = राइक्कं, रायकेरं ।

ण>*इकट्*, पान्थः = पहिओ ।[4]

तसिल्>त्तो, दो; सर्वतः = सव्वत्तो, सव्वदो, सव्वओ, यतः = जत्तो, जदो, जओ ।[5]

तैलच्>*एल्ल*, कटुतैलं = कडुएल्लं ।[6]

त्रल्>*हि*, *ह*, *त्थ*; यत्र = जहि, जह, जत्थ; तत्र=तहि, तह, तत्थ ।[7]

त्व>*डिमा*, *त्तण*; पीनत्वम् = पीणिमा, पीणत्तणं ।[8]

दा>*सि*, *सिअं*, *इआ*; एकदा = एक्कसि, एक्कसिअं, एक्कइआ। एगया ।[9]

---

१. ईयस्यात्मनो णयः ।।८।२।१५३।हे०।।
आत्मन् शब्द से परे ईय (छ) को णय आदेश होता है ।

२. इदमर्थस्य केरः ।८।२।१४७।हे०।।
इदमर्थक प्रत्यय को केर आदेश होता है ।

३. पर-राजभ्यां क्क-डिक्कौ च ।८।२।१४८।हे०।।
पर, राजन् शब्द से परे इदमर्थक प्रत्यय को क्रमशः डित् क्क एवं इक्क होते हैं।

४. पथो णस्येकट् ।।८।२।१५२।हे०।।
पथ शब्द से होने वाले ण को इकट् आदेश होता है ।

५. त्तो दो तसो वा ।८।२।१६०।हे०।।
तस् (तसिल्) प्रत्यय के स्थान पर विकल्प से त्तो और दो आदेश होते हैं ।

६. अनङ्कोठात्तैलस्य डेल्लः ।।८।२।१५५।हे०।।
अङ्कोठ वर्जित शब्द से परे तैल (तैलच्) प्रत्यय को डेल्ल आदेश होता है ।

७. त्रपो हि-ह-त्थाः ।।८।२।१६१।हे०।।
त्रप् (त्रल्) प्रत्यय को विकल्प से हि, ह, त्थ आदेश होते हैं ।

८. त्वस्य डिमा-त्तणौ वा । ८।२।१५४ हे०।।
त्व प्रत्यय को विकल्प से डिमा तथा त्तण आदेश होते हैं ।

९. वैकाद्दः सि सिअं इआ ।।८।२।१६२।हे० ।
एक शब्द से परे दा को विकल्प से सि, सिअं तथा इआ आदेश होते हैं ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

मतुप > *आलु* ईर्ष्यावान् = ईसालू, लज्जावान् = लज्जालू ।[1]
इल्ल, शोभावान् = सोहिल्लो, छायावान् = छाइल्लो ।
उल्ल, विचारवान् = विआरुल्लो, दर्पवान् = दप्पुल्लो ।
आल, रसवान् = रसालो, जटावान् = जडालो ।
वन्त, धनवान् = धणवन्तो, भक्तिमान् = भत्तिवन्तो ।
मन्त, हनुमान् = हणुमन्तो, श्रीमान् = सिरिमन्तो ।
इत्त, काव्यवान् = कव्वइत्तो, मानवान् = माणइत्तो ।
इर, गर्ववान् = गव्विरो, रेखावान् = रेहिरो ।
मण, धनवान् = धणमणो, शोभावान् = सोहामणो ।

वति > *व्व*, मधुवत् = महुव्व, मथुरावत् = महुरव्व ।[2]

परिमाणार्थक प्रत्यय > *इत्तिअ*, यावत् = जित्तिअं, तावत् = तित्तिअं, एतावत् = इत्तिअं[3]
इत्तिअ, इयत् = एत्तिअं, कियत् = केत्तिअं, एतावत् = एत्तिअं ॥
इत्तिल, इयत् = एत्तिलं, यावत् = जेत्तिलं, एतावन् = एत्तिलं ।[4]
एद्दह, इयत् = एद्दहं, यावत् = जेद्दहं, एतावत् = एद्दहं ।

प्राकृत में एक से श्रेष्ठ तथा सबसे श्रेष्ठ के अर्थ में तर (अर), तम (अम), ईयस् (ईअस्) तथा इष्ठ (इट्ठ) प्रत्ययों का प्रयोग संस्कृत के समान होता है ।

जैसे—

तिक्ख	तिक्खअर	तिक्खअम
पिअ	पिअअर	पिअअम
गुरु	गरीयस	गरिट्ठ
पडु	पडीयस, पडुअर	पडिट्ठ पडुअम आदि ।

---

१. आल्विल्लोल्लाल-वन्त-मन्तेत्तेर-मणा मतोः ॥८।२।१५९।हे०॥
मतु (मतुप्) प्रत्यय को सूत्रोक्त आदेश होते हैं ।

२. वतेर्व्वः ॥८।२।१५०।हे०॥
वति प्रत्यय को व्व होता है ।

३. यत्तदेतदोतोरित्तिअ एतल्लुक् च ॥८।२।१५६।हे०॥
यत्, तत् तथा एतत् से परे परिमाणार्थक प्रत्यय को इत्तिअ आदेश होता है तथा एतत् शब्द का लोप होता है ।

४. इदंकिमश्च डेत्तिअ डेत्तिल-डेद्दहाः ॥८।२।१५७।हे०॥
इदं किं यत् तत् एतत् शब्द के डाव्-अत् (वतुप्) प्रत्यय को एत्तिअ, एत्तिलएवं एद्दह होते हैं तथा एतत् शब्द का लोप होता है ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

बारहवाँ अध्याय

स्त्रीप्रत्यय[1]

प्राकृत में केवल तीन ही स्त्री प्रत्यय (आ, ई, ऊ) दृष्टिगोचर होते हैं तथा इनका प्रयोग संस्कृत के ही समान होता है। जैसे--

१—आ प्रत्यय

अकारान्त शब्दों को स्त्रीलिङ्ग बनाने में आ प्रत्यय का उपयोग होता है।

अअ + आ = अआ (अजा)
वच्छ + आ = वच्छा (वत्सा)
निउण + आ = निउणा (निपुणा)
पढम + आ = पढमा (प्रथमा)

२—ई प्रत्यय

(१) संस्कृत नकारान्त शब्दों को स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए ई प्रत्यय लगाया जाता है।

राया + ई = राणी (राज्ञी)
हत्थि + ई = हत्थिणी (हस्तिनी) आदि।

(२) जाति अर्थ में जातिवाचक अकारान्त शब्दों को स्त्रीलिङ्ग बनाने के लिए ई प्रत्यय जोड़ते हैं।

हरिण + ई = हरिणी (हरिणी)
सीह + ई = सीही (सिंही)

---

१. द्रष्टव्य—८।३।३०।हे०।।से
८।३।३५।हे०।।तक

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

(३) अजातिवाचक पुंलिंग शब्दों से स्त्रीलिंग बनाने के लिए ई प्रत्यय विकल्प से होता है।

नील + ई, आ = नीली, नीला (नीली)
हसमाण + ई, आ = हसमाणी, हसमाणा (हसमाना) आदि।

(४) छाया तथा हरिद्रा शब्दों से स्त्रीलिंग की विवक्षा में विकल्प से ई प्रत्यय होता है।

छाया + ई = छाही छाया, हलद्दा + ई = हलद्दी हलद्दा (हरिद्रा)।

(५) सु, अम्, आम् को छोड़कर अन्य सुप् परे रहते किम् यद् तद् शब्दों से स्त्रीलिंग की विवक्षा में विकल्प से ई प्रत्यय होता है।
कीओ, काओ; जीओ, जाओ; तीओ, ताओ; इत्यादि।

३—ऊ प्रत्यय

आर्य शब्द से स्त्रीलिंग की विवक्षा में कहीं-कहीं ऊ प्रत्यय लगता है।

अज्ज + ऊ = अज्जू (आर्या)[1]

---

१. श्वश्वां वाच्यामेव। हे० सूत्र ८।१।७७ की वृत्ति।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

तेरहवाँ अध्याय

लिङ्गानुशासन

प्राकृत में संस्कृत के समान सभी संज्ञाएँ तीन लिंगों—पुंलिंग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिंग—में विभक्त की गयी हैं। लिंग व्यवस्था की निम्न विशेषताएँ संस्कृत से भिन्न हैं—

(१) प्रावृष्, शरद् तथा तरणि शब्दों का प्रयोग पुंलिंग में होता है।[1]

प्रावृट्, (स्त्री०) = पाउसो (पुं०), शरद् (स्त्री०) = सरओ (पुं०), तरणिः (स्त्री०) = तरणी (पुं०)।

(२) दामन्, शिरस् तथा नभस् शब्दों को छोड़ कर शेष सकारान्त एवं नकारान्त शब्दों का प्रयोग प्रायः पुंलिंग में होता है।[2]

यशः (नपुं०) = जसो (पुं०), पयः (नपुं०) = पओ (पुं०)
नर्म (नपुं०) = नम्मो (पुं०), जन्म (नपुं०) = जम्मो (पुं०)।

(३) अक्षि वाचक तथा वचन आदि शब्दों का प्रयोग विकल्प से पुंलिंग में होता है।[3]

अक्षिणी (नपुं०) = अच्छी (पुं०), अच्छीइं (नपुं०), अच्छी (स्त्री०)
चक्षुषी (नपुं०) = चक्खू (पुं०), चक्खूइं (नपुं०)
नयने (नपुं०) = णयणा (पुं०), णयणाइं (नपुं०)
लोचने (नपुं०) = लोअणा (पुं०), लोअणाइं (नपुं०)
वचनानि (नपुं०) = वयणा (पुं०), वयणाइं (नपुं०)
कुलम् (नपुं०) = कुलो (पुं०), कुलं (नपुं०)
माहात्म्यम् (नपुं०) = माहप्पो (पुं०), माहप्पं (नपुं०)
दुःखानि (नपुं०) = दुक्खा (पुं०), दुक्खाइं (नपुं०)
भाजनानि (नपुं०) = भायणा (पुं०), भायणाणि (नपुं०)।

इत्यादि।

---

१. प्रावृट्-शरत्तरणयः पुंसि ।।८।१।३१।हे०।।
२. स्नमदाम-शिरो-नभः ।।८।१।३२।हे०।।
३. वाक्ष्यर्थ-वचनाद्याः ।।८।१।३३ हे०।।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

(४) पृष्ठ, अक्षि तथा प्रश्न शब्दों का प्रयोग विकल्प से स्त्रीलिंग में होता है।[४]

पृष्ठम् (नपुं०) = पुट्ठी (स्त्री०), पुट्ठं (नपुं०)।
अक्षि (नपुं०) = अच्छी (स्त्री०) अच्छं (नपुं०)।
प्रश्नः (पुं०) = पण्हा (स्त्री०), पण्हो (पुं०)।

(५) गुण आदि शब्दों का प्रयोग विकल्प से नपुंसकलिंग में होता है।[५]

गुणाः (पुं०) = गुणाइं (नपुं०), गुणा (पुं०)।
देवाः (पुं०) = देवाणि (नपुं०), देवा (पुं०)।
बिन्दवः (पुं०) = बिन्दूइं (नपुं०), बिन्दुणो (पुं०)।
खड्गः (पुं०) = खग्गं (नपुं०), खग्गो (पुं०)।
मण्डलाग्रः (पुं०) = मण्डलग्गं (नपुं०), मण्डलग्गो (पुं०)।
कररूहः (पुं०) = कररुहं (नपुं०) कररूहो (पुं०)।
वृक्षाः (पुं०) = रूक्खाइं (नपुं०), रुक्खा (पुं०)।

(६) इमान्त तथा अञ्जलि आदि शब्दों का प्रयोग विकल्प से स्त्रीलिंग होता है।[६]

इमान्त शब्द—

गरिमा (पुं०) = एसा गरिमा (स्त्री०), एस गरिमा (पुं०)।
महिमा (पुं०) = एसा महिमा (स्त्री०), एस महिमा (पुं०)।
आदि।

अञ्जलि आदि शब्द—

अञ्जलिः (पुं०) = एसा अञ्जली (स्त्री०), एस अञ्जली (पुं०)।
ग्रन्थिः (पुं०) = एसा गण्ठी (स्त्री०), एस गण्ठी (पुं०) आदि।

(७) स्त्रीलिंग में प्रयुक्त होने पर बाहु शब्द के उकार को आकारादेश हो जाता है।[७]

बाहुः (पुं०) = एसा बाहा (स्त्री०), एसो बाहू (पुं०)।

---

४. पृष्ठाक्षिप्रश्नाः स्त्रियां वा ॥४।२०।वर०॥

५. गुणाद्याः क्लीबे वा ॥८।१।३४।हे०॥

६. वेमाञ्जल्याद्याः स्त्रियाम् ॥८।१।३५।हे०॥

७. बाहोरात् ॥८।१।३६।हे०॥

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

(संस्कृतच्छाया)

प्रथम शतक गाथा ९१ } छादयन्ति ये प्रभुत्वं कुपितां दासा इव ये प्रसादयन्ति।
त एव महिलानां प्रियाः शेषाः स्वामिन एव वराकाः ॥१॥

द्वितीयशतक गाथा १३ } ते विरलाः सत्पुरुषा येषां स्नेहोऽभिन्नमुखरागः।
अनुदिवसवर्धमान ऋणमिव पुत्रेषु संक्रामति ॥२॥

तृतीयशतक गाथा ८ } अद्य गत इत्यद्य गत इत्यद्य गत इति गणनशीलया।
प्रथम एव दिवसार्धे कुड्यं रेखाभिश्चित्रितम् ॥३॥

गाथा १७ तन्मित्रं कर्त्तव्यं यत्किल व्यसने देशकालेषु।
आलिखितभित्तिपुत्तलकमिव न पराङ्मुखं तिष्ठति ॥४॥

गाथा २४ तन्मध्यम एव वरं दुर्जनसुजनाभ्यां द्वाभ्यामपि न कार्यम्।
यथा दृष्टस्तापयति खलस्तथैव सुजनोऽदृश्यमानः ॥५॥

गाथा ३४ यस्य यत्रैव प्रथमं तस्या अङ्गे निपतिता दृष्टिः।
तस्य तत्रैव स्थिता सर्वाङ्गं केनापि न दृष्टम् ॥६॥

चतुर्थशतक गाथा १९ } दृढरोषकलुषितस्यापि सुजनस्य मुखादप्रियं कुतः।
राहुमुखेऽपि शशिनः किरणा अमृतमेव मुञ्चन्ति ॥७॥

गाथा ८० व्यसनेऽनुद्विग्ना विभवेऽगर्विता भये धीराः।
भवन्त्यभिन्नस्वभावाः समेषु विषमेषु सत्पुरुषाः ॥८॥

गाथा ९७ धन्यास्ता महिला या दयितं स्वप्नेऽपि प्रेक्षन्ते।
निद्रैव तेन विना नैति का प्रेक्षते स्वप्नम् ॥९॥

अष्टम शतक गाथा १२ } सदसद्दुःखं सुखं च या गृहस्य जानन्ति।
ताः पुत्रक महिलाः शेषा जरा मनुष्याणाम् ॥१०॥

सप्तम शतक गाथा ६ } गृहमिव वित्तरहितं निर्झरकुहरमिव सलिलशून्यम्।
गोधनरहितं गोष्ठमिव तस्या वदनं तव वियोगे ॥११॥

गाथा ९५ धन्या बधिरा अन्धास्त एव जीवन्ति मानुषे लोके।
न शृण्वन्ति पिशुनवचनं खलानामृद्धिं न प्रेक्षन्ते ॥१२॥

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

१. गाथावली[1]

प्रथम शतक गाथा ९१ } णूमेन्ति जे पहुत्तं कुविअं दासा व्व जे पसाअन्ति ।
ते च्चिअ महिलाणं पिआ सेसा सामि च्चिअ वराआ ॥१॥

द्वितीय शतक गाथा १३ } ते विरला सप्पुरिसा जाण सिणेहो अहिण्णमुहराओ ।
अणुदिअहवड्ढमाणो रिणं व पुत्तेसु संकमइ ॥२॥

तृतीय शतक गाथा ८ } अज्जं गओ त्ति अज्जं गओ त्ति अज्जं गओ त्ति गणरीए ।
पढम च्चिअ दिअहद्धे कुड्डो रेहाहिँ चित्तलिओ ॥३॥

गाथा १७ तं मित्तं काअव्वं जं किर वसणम्मि देसआलम्मि ।
आलिहियभित्तिवाउल्लअं व ण परम्मुहं ठाइ ॥४॥

गाथा २४ ता मज्झिमो च्चिअ वरं दुज्जणसुअणेहिँ दोहिँ वि ण कज्जं ।
जह दिट्ठो तवइ खलो, तहेअ सुअणो अईसन्तो ॥५॥

गाथा ३४ जस्स जहं विअ पढमं तिस्सा अङ्गम्मि णिवडिआ दिट्ठी ।
तस्स तहिं चेअ ठिआ सव्वङ्गं केण वि ण दिट्ठम् ॥६॥

चतुर्थ शतक गाथा १९ } दढरोसकलुसिअस्स वि सुअणस्स मुहाहि विप्पिअं कत्तो ।
राहुमुहम्मि वि ससिणो किरणा अमअं विअ मुअन्ति ॥७॥

गाथा ८० वसणम्मि अणुव्विग्गा, विहवम्मि अगव्विआ, भए धीरा ।
होन्ति अहिण्णसहावा समेसु विसमेसु सप्पुरिसा ॥८॥

गाथा ९७ धण्णा ता महिलाओ जा दइअं सिविणए वि पेच्छन्ति ।
णिद्द च्चिअ तेण विणा ण एइ का पेच्छए सिविणम् ॥९॥

षष्ठम शतक गाथा १२ } सन्तमसन्तं दुक्खं सुहं च जाओ घरस्स जाणन्ति ।
ता पुत्तअ महिलाओ सेसाओ जरा मनुस्साणम् ॥१०॥

सप्तम शतक गाथा ९ } गेहं व वित्तरहिअं णिज्झरकुहरं व सलिलसुण्णविअम् ।
गोहणरहिअं गोट्ठं व तीअ वअणं तुह विओए ॥११॥

गाथा ९५ धण्णा बहिरा अन्धा ते च्चिअ जीअन्ति माणुसे लोए ।
ण सुणन्ति पिसुणवअणं खलाण ऋद्धिं ण पेक्खन्ति ॥१२॥

---

